# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 309/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 03 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in





















सांध्यप्रकाश विशेष

## मोदी का भार्गव को जन्मदिन की बधाई देते फोटो हुआ वायरल, लेकिन मोदी ने क्या कहा था जानें



**भोपाल। द सूत्र।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर पहुंचे। वहां उनका स्वागत करने के लिए अन्य मंत्रियों के साथ गोपाल भार्गव भी मौजूद थे। गोपाल भार्गव का 1 जुलाई का जन्मदिन भी था तो उनको वहां बधाइयां भी मिल रही थीं। इसका फोटो भी जमकर वायरल हुआ, गोपाल भार्गव ने भी ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। लेकिन वहां हुआ क्या ता इसका खुलासा अजय विश्नोई ने किया।विश्नोई ने रविवार को एक ट्वीट कर बताया कि मोदी ने गोपाल भार्गव के जन्मदिन पर क्या टिप्पणी की जिसके बाद वहां हंसी दौर चल पड़ा।

स्कूल वाला होगा जन्मदिनविश्नोई ने ट्वीट में लिखा कल (शनिवार) जबलपुर के विमानतल पर हम मोदी जी का स्वागत करने गए थे। प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव भी आए थे। उनका जन्मदिन था। सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि जी का भी जन्मदिन था। मोदी जी के आगमन के पूर्व आपस में गप शप हो रही थी। मैंने कहा स्कूल में मेरा भी जन्मदिन 1 जुलाई लिखा हुआ है। बाद में उसे सुधरवाया है। जिस जमाने में हम लोग स्कूल में भर्ती हुए जन्म प्रमाण पत्र नहीं लगता था। पिता जी को अथवा प्रवेश दिलाने स्कूल ले गए रिश्तेदार को हमारा जन्मदिन पता नहीं होता था। स्कूल 1 जुलाई को खुलते थे। तब मासाब के पूछने पर बता दिया जाता था, आज की तारीख लिख लो मासाब और इस तरह हम सब का जन्मदिन 1 जुलाई हो गया। जब मोदी जी पधारे तो उन्हें बताया गया कि गोपाल भार्गव जी का और सुमित्रा जी का आज जन्मदिन है। मोदी जी ने तुरंत कहा स्कूल वाला होगा। फर्जी हे यह जन्मदिन। खैर जो भी हो गोपाल भार्गव ने ट्वीट कर कहा - मोदी जी ने उन्हें जन्म दिन की बधाई दी।

## इनकी मूंछे ही नहीं काम की स्टाइल भी सिंघम जैसी

**शिमला।** रियल लाइफ के सिंघम कहे जाने वाले बिहार कैडर के आईपीएस मनु महाराज इन दिनों फिर सुर्खियों में हैं। हिमाचल प्रदेश स्थित एनआईटी हमीरपुर के सिल्वर जुबली रीयूनियन कार्यक्रम में मनु महाराज ने अपनी उपलब्धियों से जमकर तारीफ बटोरी। वे इस एनआईटी के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने साल 1998 में बीटेक किया और उसके यूपीएससी की परीक्षा पास की। वे मूलरूप से हिमाचल के चंबा से ताल्लुक रखते हैं।



हिमाचल प्रदेश स्थित एनआईटी हमीरपुर के सिल्वर जुबली रीयूनियन कार्यक्रम में बिहार कैडर के आईपीएस मनु महाराज पहुंचे। आईएएस रैंक लायक नंबर लाने के बाद भी मनु महाराज ने आईपीएस बनना ही पसंद किया। मनु महाराज बिहार कैडर के 2005 बैच के अधिकारी हैं। वे 7 साल तक पटना के एसएसपी भी रहे। उन्हें काफी सख्त अधिकारी माना जाता है।

आईएएस अधिकारी सुधीर कुमार की गिरफ्तारी ने उन्हें रातोंरात चर्चा में ला दिया था। उन्होंने नक्सल प्रभावित इलाके में कई ऑपरेशन का नेतृत्व किया जिस कारण उन्हें पहचान मिली। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बतौर डीआईजी उन्हें उत्तराखंड भेजा गया था। 2022 में बिहार सरकार ने उन्हें आईजी रैंक पर प्रोफार्मा प्रमोशन दिया।

### खुद ने कई ऑपरेशन को लीड किया

जब तक वे पटना के एसएसपी रहे अपराधी उनके खौफ खाते रहे। अपनी सिंघम स्टाइल और मूंछों की वजह से चर्चा में रहने वाले मनु महाराज हर ऑपरेशन में खुद टीम को लीड करते हैं। वे कई बार एके-47 लेकर खुद फील्ड में पहुंचे हैं। पटना के दियारा इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान उन्होंने खुद ही कमान संभाली थी। बिहार टॉपर स्कैम मामले में की जांच में भी वे काफी सुर्खियों में रहे। दरभंगा में भी एक अपराधी को पकड़ने के लिए मनु घोड़े पर सवार होकर मैदान में उतरे थे। मनु महाराज पटना के अलावा गया व दरभंगा में भी पोस्टेड रहे हैं। गया में पोस्टिंग के दौरान नक्सली इलाकों में भी पहुंच जाते थे। वहीं, दरभंगा में कई बड़े ऑपरेशन को भी अंजाम दिया।

### 'सिंघम' देखकर स्टाइल बदली

मनु महाराज जब पटना में सिटी एसपी थे। तब उनके मूंछ का स्टाइल साधारण था। अजय देवगन की फिल्म सिंघम देखने के बाद उन्होंने अपना लुक बदला और मूंछ रखना शुरू कर दी। पटना के लोग तो उन्हें सिंघम और दबंग ही पुकारते थे। इनकी शुरुआती पढ़ाई शिमला में हुई। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू की और इसी दौरान छ्हह में एन्वायरन्मेंटल साइंस में पोस्ट ग्रैजुएशन भी किया।

## राजनीतिक पार्टियां ऑनलाइन दे सकेंगी वित्तीय ब्योरा, चुनाव आयोग ने शुरू किया पोर्टल

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की। सभी राजनीतिक पार्टियों को अपने वित्तीय विवरण की जानकारी इस पोर्टल पर देनी होगी। वित्तीय विवरण के साथ ही राजनीतिक पार्टियों को चुनाव खर्च और पार्टी को मिलने वाले आर्थिक योगदान की भी जानकारी देनी होगी। देश में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने इस ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बीते एक साल से इस पोर्टल पर काम कर रहे थे। यह पोर्टल चुनाव आयोग की 3 सी रणनीति का हिस्सा है,




जिसके तहत राजनीतिक फंडिंग और खर्च में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत रखने के लिए सफाई, अवैध फंडिंग पर कार्रवाई और नियमों का अनुपालन शामिल है। बता दें कि जो राजनीतिक पार्टियां अपने वित्तीय विवरण का ब्योरा नहीं पेश करेंगी, उन्हें इसका लिखित में कारण बताना होगा। साथ ही सीडी और पैन ड्राइव के साथ तय फॉर्मेट में रिपोर्ट फाइल करनी होगी।

## 5 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदलेगी भाजपा

### पंजाब अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच संगठन स्तर पर भाजपा बड़े बदलाव कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, तेलंगाना और केरल में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर सकते हैं।

बदलाव की खबरों के बीच पंजाब के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। हालांकि, अभी तक इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनील जाखड़ को पंजाब भाजपा की कमान सौंपी जा सकती है। जाखड़ कांग्रेस से भाजपा में आए हैं। इस साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हैं। मध्य प्रदेश और मिजोरम में भाजपा की सरकार है। वहीं राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस सत्ता में है। इस साल 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे। इनमें त्रिपुरा में पार्टी ने गठबंधन के जरिए सत्ता में वापसी की है।

# शरद पवार बोले-हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गए, हम नई शुरुआत करेंगे

## 5 जुलाई को एनसीपी लीडर्स की मीटिंग

**मुंबई।** एनसीपी में बगावत के बीच शरद पवार सोमवार को गुरु पूर्णिमा के दिन सतारा के कराड में अपने गुरु पूर्व छ्रूयशवंत राव चाव्हाण की समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ है। महाराष्ट्र की जनता को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गए। बड़ों के आशीर्वाद के साथ हम नई शुरुआत करेंगे। हमने 5 जुलाई को पार्टी के सभी नेताओं की मीटिंग बुलाई है। वहीं एनसीपी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि शरद पवार के दौरे में जिस तरह से लोग जुट रहे हैं, विधायकों को पता होना चाहिए कि जब शरद पवार उनके इलाके में उनके खिलाफ दौरा करेंगे तो उनका क्या हाल होगा। उन्होंने पार्टी बनाई है, चुनाव चिन्ह उनका है। ना कि प्रफुल पटेल, नरेंद्र मोदी का। इस बीच अजित पवार, छगन भुजबल के साथ देवेंद्र फडणवीस के घर पहुंचे हैं।

**मैं परेशान नहीं, समीक्षा करूंगा-** शरद पवार ने कहा, मुझे देश के हर कोने से समर्थन मिल रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे और ममता बनर्जी ने मुझे कॉल किया। इसलिए मैं आज के घटनाक्रम से परेशान नहीं हूं। पवार ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में वे कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के साथ बैठकर हालात की समीक्षा करेंगे। पवार ने कहा कि हमारी असली ताकत आज जनता है, उन्होंने हमें चुना है।



### अजित गुट का दावा, 42 विधायक साथ

अजित पवार गुट ने दावा किया है कि एनसीपी के 7 और विधायक उनके साथ आ गए हैं। कल 35 विधायकों के समर्थन वाली चिट्ठी राज्यपाल को सौंपी गई थी। इसके साथ ही, अब एनसीपी के कुल 53 में से 42 विधायक अजित पवार के साथ आ गए हैं।

### प्रफुल्ल पटेल का दावा, हम ही असली एनसीपी

कभी शरद पवार के बेहद करीबी रहे प्रफुल्ल पटेल ने बड़ा दावा किया है। अजित पवार के साथ मिलकर पार्टी की सबसे बड़ी बगावत करने वाले प्रफुल्ट पटेल ने कहा, असली एनसीपी हम ही हैं। इस बीच, बागी विधायकों की अयोग्यता के सवाल पर महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा है कि वे संविधान के मुताबिक जो जरूरी होगा, वह कदम उठाएंगे।

### संजय राउत ने जो कहा, वो सच हो जाए

अजित पवार समर्थक एनसीपी एमएलसी अमोल मितकारी ने कहा, कई विधायक हमसे मिलने आ रहे हैं। जिन 35 विधायकों ने कल अजित पवार का समर्थन किया था, वे आज भी अजित दादा के साथ हैं। इसके अलावा और भी नेता हैं जो हमारे साथ जुड़ रहे हैं।

### महाराष्ट्र में विपक्ष खत्म, बाकी जगह देखते हैं क्या होता है: शिवराज



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अब महाराष्ट्र में विपक्ष लगभग खत्म है। अब बाकी जगह भी देखते हैं कि क्या होता है? भोपाल में सीएम ने कहा, जैसी करनी, वैसी भरनी। शिवसेना और एनसीपी भी गई। देश मोदी जी के पीछे खड़ा है।

### अजित पवार करेंगे एनसीपी पर दावा

उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अजित ने कहा कि उनके साथ पार्टी के 53 में से 40 विधायक हैं। यानी एक तिहाई से ज्यादा। उन्होंने एनसीपी छोड़कर शिवसेना-भाजपा से हाथ नहीं मिलाया है, बल्कि एनसीपी के तौर पर ही यह कदम उठाया है। हमने सभी सीनियर नेताओं को भी इसकी जानकारी दे दी है।

# शरद पवार की राकांपा ने अजीत पवार और आठ अन्य के खिलाफ लगाई 'अयोग्यता' याचिका, जानें क्या लिखा?

**मुम्बई। द सूत्र।** शरद पवार का 'दामन' छोड़कर महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री बने अजित पवार और मंत्री बने उनके आठ विधायकों के खिलाफ राकांपा ने सख्त कदम उठाया है। 2 जुलाई को दिनभर चले घटनाक्रम के बाद देर रात एनसीपी ने अजीत और आठ अन्य लोगों के खिलाफ अयोग्यता याचिका चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भेजी है। ऐसे में अब मामला और गर्मा सकता है। इधर, अजीत के पार्टी के चुनाव चिह्न और नाम पर अपना दावा जताया तो राकांपा के नेताओं ने भी साफ कर दिया कि पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न उनका है और रहेगा। देर रात राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भी पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर भड़ास निकाली है। हालांकि उन्होंने अपने भाई के प्रति नरम रुख दिखाया।

### राकांपा शरद पवार के पास है और रहेगी

महाराष्ट्र एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने अजीत पवार और आठ अन्य लोगों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की है। रविवार (2 जुलाई) देर रात पाटिल ने कहा कि अयोग्यता याचिका विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भेज दी गई है। इसी के साथ चुनाव आयोग को एक ई-मेल भी भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि ह्ष्क्कको बागडोर इस समय पार्टी प्रमुख शरद पवार के पास है और आगे भी रहेगी।

### गद्दार नहीं कह सकते, क्योंकि विश्वासघात अभी साबित नहीं हुआ

पाटिल ने कहा कि एनसीपी के इन विधायकों को गद्दार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उनका विश्वासघात अभी तक साबित नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कई लोग हमारे संपर्क में हैं। 1999 में शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी को उस समय विभाजन का सामना करना पड़ा, जब उनके भतीजे अजीत पवार उपमुख्यमंत्री के रूप में शिवसेना-बीजेपी सरकार में शामिल हो गए।



### अजीत पवार का रहा है बागी बनने का इतिहास

- 2009 में शरद पवार की नेतृत्व शैली की खुलेआम आलोचना की थी
- पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की धमकी दी थी, बाद में चाचा से सुलह हो गई
- लगभग 10 साल बाद 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद फिर बागी बने
- बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस के साथ सरकार बनाई
- कई विधायकों के समर्थन का दावा किया, डिप्टी सीएम बने
- केवल 80 घंटों में सरकार गिरी, अजीत राकांपा में वापस लौटे

### इसके बाद महाविकास आघाड़ी सरकार में भी मंत्री बने

महाविकास आघाड़ी सरकार गिरने के बाद अजीत के बगावत की थीं अटकलें, लेकिन शरद पवार ने समय रहते रोक दी थी बगावत

### सुप्रिया सुले ने खोला मोर्चा: एनसीपी के घटनाक्रम का विपक्षी एकता पर असर नहीं

अजीत पवार और कुछ अन्य नेताओं के एकनाथ शिंदे सरकार में मंत्री बनने के बाद राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा है कि पार्टी के घटनाक्रम का विपक्षी एकता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। 2 जुलाई की देर रात पत्रकारों से बात करते हुए सुले ने कहा कि मेरे पिता और राकांपा प्रमुख शरद पवार का कद और बढ़ेगा। इस घटना के बाद हमारी विश्वसनीयता और बढ़ेगी।

सुप्रिया बोलीं- अपने भाई से लड़ नहीं सकती, एक बहन की तरह प्यार करती रहेंगीसुले ने यह भी कहा कि अजीत पवार के विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन वह अपने बड़े भाई से कभी नहीं लड़ सकतीं और वह हमेशा उन्हें एक बहन की तरह प्यार करेंगी। सुले ने कहा, 2019 में जब अजीत पवार ने पहली बार देवेंद्र फडणवीस से हाथ मिलाया था, तब से लेकर 2023 तक जिम्मेदारियों के साथ मैं परिपक्व हो गई हूं। निजी और व्यावसायिक संबंधों को मैं आपस में नहीं मिलाऊंगी।

### अजीत पवार के पास 36 विधायकों का समर्थन नहीं

एनसीपी प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि अजीत पवार के पास 36 विधायकों का समर्थन नहीं है, जैसा कि दावा किया जा रहा है। पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल सभी 53 विधायकों से संपर्क साध रहे हैं और सोमवार तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। राजभवन को सौंपे गए पत्र का हवाला देते हुए सूत्रों ने बताया है कि अजीत पवार के पास 40 से ज्यादा विधायकों और छह विधान परिषद सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

### महाराष्ट्र में पहली बार दो उपमुख्यमंत्री

अजीत पवार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद महाराष्ट्र में पहली बार दो उपमुख्यमंत्री हो गए हैं। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस एकनाथ शिंदे सरकार में पहले से ही उपमुख्यमंत्री हैं। शिंदे ने पिछले साल बीजेपी के समर्थन से सरकार बनाई थी। उसी समय फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री सीएम पद की शपथ ली थी। अजीत पवार पांचवीं बार उपमुख्यमंत्री बने हैं। वह 2010 से 2014 तक दो बार उपमुख्यमंत्री रहे। तीसरी बार 23 से 26 नवंबर 2019 के बीच उपमुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 30 दिसंबर 2019 से 29 जून, 2022 तक महाविकास आघाड़ी सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे।

# 4 नहीं इस बार होंगे 8 सावन सोमवार, 19 साल बाद सावन में अधिकमास

भोपाल। इस बार सावन माह की धूम एक नहीं बल्कि दो माह तक रहेगी, ऐसे में भोलेनाथ के भक्तों को दो माह तक शिव की आराधना करने का मौका मिलेगा, जिसका मुख्य कारण इस बार सावन में अधिकमास आना है।

सावन का महीना भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय माह है, शिवभक्त इस माह में भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए शिव आराधना करते हैं, कोई व्रत, उपवास रखता है, तो कोई पूजा अर्चना करके भगवान शिव को प्रसन्न करता है, सबसे अच्छी बात तो यह है कि भोलेनाथ सिर्फ अभिषेक और बिल्वपत्र चढ़ाने से प्रसन्न हो जाते हैं। इस बार अधिकमास के कारण सावन दो माह का रहेगा, जिसमें 8 सोमवार आएंगे।

इस बार 29 जून को देवशयनी एकादशी के साथ ही देव 5 माह तक सोएंगे। 19 साल बाद सावन में अधिकमास के संयोग से चातुर्मास पांच माह का होगा। इस दौरान मांगलिक कार्य नहीं होंगे। जून में विवाह के पांच ही श्रेष्ठ मुहूर्त थे। विवाह सीजन का आखिरी अबूझ मुहूर्त 27 जून को है। इस दौरान भी विवाह हो सकेंगे। अब देवउठनी एकादशी यानी 23 नवंबर तक इंतजार करना होगा।

## दो माह रहेगा सावन

इस बार सावन का दो माह रहेंगे, जिसकी शुरुआत 4 जुलाई से होगी और 31 अगस्त तक सावन रहेगा, इस मान से सावन माह में करीब 8 सावन सोमवार पड़ेगे। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी 29 जून को है। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होता है। इस बार चातुर्मास में दो सावन में अधिकमास की व्युत्पत्ति का अनुक्रम है। शुद्ध श्रावण और अधिकमास का संयोग 19 वर्ष बाद बन रहा है। पांच माह धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, तीर्थ के दर्शन के लिए श्रेष्ठ माने जाएंगे।



# गुफा मंदिर से ब्रज धाम गोवर्धन परिक्रमा के लिए रवाना हुई महिलाओं की परिक्रमा यात्रा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गुफा मंदिर से ब्रज धाम गोवर्धन परिक्रमा के लिए महिलाओं की परिक्रमा यात्रा रवाना हुई। कार्यक्रम संयोजक राधे महाराज ने बताया की बांके बिहारी एवं गोवर्धन परिक्रमा के लिए जो संकल्प लिया था आज वह संकल्प पूरा हो गया। गुफा मंदिर से हुजूर विधानसभा की सैकड़ों महिलाओं को माला पहनाकर वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्र उच्चार कर यात्रा को ज्योतिषाचार्य पंडित भंवर लाल शर्मा ने रवाना किया। राधे महाराज ने बताय गुरु पूर्णिमा के दिन यात्रा वृंदावन पहुंचेगी। वहां से वृंदावन एवं मथुरा बांके बिहारी के दर्शन कराने के बाद माताओं को गोवर्धन परिक्रमा कराई जाएगी एवं 4 जुलाई को वृंदावन से वापस यात्रा भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी। महाराज ने बताया यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। इस यात्रा के माध्यम से ऐसी माताओं बहनों को बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई जाएगी जिन्होंने कभी भी तीर्थ यात्रा नहीं की उनके लिए श्रवण कुमार बनकर यह बेटा लगातार यात्रा कराने का काम करेगा जिसमें संत गोरक्षा उत्थान समिति के समस्त साथी सहयोगी भी सहयोग के लिए निरंतर अपना योगदान प्रदान करते रहेंगे ।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री पचौरी का जन्मदिन मनाया, प्रदेश भर से आएं कार्यकर्ता



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का जन्मदिन धूम-धाम के साथ मनाया गया। प्रदेश भर से आए कार्यकर्ता और नेताओं ने उनके निवास पहुंचकरउनका जन्म दिन मनाया। इस मौके पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने चहेते नेता पर पुष्प वर्षा कर बधाई दी। साथ ही कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरक कर अपने वरिष्ठ नेता के जन्मदिन का जश्न मनाया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव मुनव्वर कौसर के साथ सुरेश पचौरी ने केक काटा। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव मुनव्वर कौसर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, मण्डीदीप पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बद्रीप्रसाद, गायत्री शर्मा, वनबारी शर्मा,अरूण श्रीवास्तव ग्रामीण अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज से ब्लाक समन्व्य समिति अध्यक्ष मन्नू बाबा, राजेश राजपाल रतन पहलवान, सावर खान, कैप्टन शेख, आरिफ खान, रफीक खान, नसीम खान, अनम खान, राधेश्याम, कालीचरण, भूपेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूथ कांग्रेस के यूवा नेता मुददसर खान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपने वरिष्ठ नेता का जन्मदिन बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया। युवाओं की टोली ने ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए अपने चहेते और लाड़ले नेता सुरेश पचौरी को पुष्प गुच्छ भैंट किया। साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

# भारत माता के जयघोष के बीच मना बीरबल ढालिया का शहीदी दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

1 जुलाई 1946 को स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर युवावस्था में शहीद हुए युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जीनगर समाज के गौरव अमर शहीद बीरबल जी ढालिया के 77 वे बलिदान दिवस पर केंसर चिकित्सालय में पुष्पांजलि और पुण्य स्मरण के साथ भोजन वितरण किया जीनगर ज्योति राष्ट्रीय मंच और शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के तत्वाधान में मनाया अध्यक्ष अशोक सांकले ने बताया सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बीरबल जी के चित्र पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिवमंगल सिंह जी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष साहू,जीनगर ज्योति व्यापार उद्धोग के राष्ट्रीय संयोजक पृथ्वीराज चौहान,अमित जैन तडेया,नवनीत अग्रवाल पार्षद सरोज हरिओम आसेरी,महेश मकवाना, राकेश कुकरेजा ने माल्यार्पण किया भगवानदास ढालिया, ने बीरबल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व बताया कि 1 जुलाई 1946 को प्रज्ञा परिषद के आव्हान पर रायसिंह नगर में अंग्रेजों के खिलाफ विशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे बीरबल जी जो अंग्रेजों की आंखों की किरकरी बन चुके थे अंग्रेज सरकार के आदेश की अवहेलना करने पर उन्हें 3 गोलिया मारी गई रक्त की अंतिम बूंद तक तिरंगे को थामे रखा उन्हें बीकानेर मंडल का प्रथम और राजस्थान के 7 वे शहीद होने का गौरव हे 25 अप्रैल 1983 को देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने श्रीगंगानगर के मुख्य चौक पर बीरबल जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें महान बने बलिदानी बताया था संस्था के प्रवक्ता प्रेम पवार ने ने मध्यप्रदेश शासन से राजधानी में शहीद बीरबल की प्रतिमा स्थापित कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया समारोह में मुकेश शर्मा, सतेंद्र अग्रवाल,मनोज सोनी,प्रेम शर्मा,रमेश निर्वाण, प्रकाश डाबी, बंटू चौहान, विमल भंडारी,विजय गुप्ता, नेहा गुप्ता, मीरा कांटे वाला, राजकुमार सांखला,अकबर खान, गोपाल डाबी, नरेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील नीलकंठ,कन्हैयालाल डाबी, नरेश सोनगरा नाना, जितेंद्र डागोर आदि ने बीरबल जी के साथ ही हजारों हजार ज्ञात अज्ञात अमर बलिदानीयो को भी नमन कर श्रद्धांजलि दी और बलिदानियो के सपनों के अनुरुप देश विकसित हो यह संकल्प भी दिलाया।





करुणाधाम आश्रम में श्रद्धालुओं ने गुरू पूर्णिमा पर पं. शांडिल्य महाराज की प्रतिमा को नमन किया।

# युवाओं के सपनों को साकार करने में मददगार बनेगी मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाः सारंग


सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 76, 78, 77 एवं 75 में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि नरेला विधानसभा में निरंतर सड़क एवं नालियों के नवीनीकरण के साथ ही नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुए विभिन्न विकास कार्य प्रगतिरत हैं।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के बारे में युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की सीखो कमाओ योजना युवाओं के सपनों को साकार करने में मददगार बनेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय रहवासियों ने विकास कार्यों की सौगात के लिये मंत्री सारंग पर पुष्पवर्षा कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे। मंत्री सारंग ने जनता को राज्य सरकार की योजना के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों एवं उद्योगों की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## गुफा मंदिर में गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव मनाया



**भोपाल।** श्री रामानन्द आश्रम गुफा मंदिर धाम में गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव मनाया गया। मंदिर के महामंडलेश्वर मंहत रामप्रवेश दास महाराज ने सबसे पहले गुरू गादी पादूका पूजन किया फिर आश्रम के गुरूकुल के आचार्य एवं विधार्थी शिष्यों मिलकर मंहत की पूजा की तथा उसके बाद में मंहत ने नये शिष्यों को गुरूमंत्र दीक्षा संस्कार दिया।

## प्राचीन हनुमान मंदिर हुआ कार्यक्रम



**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर पुतलीघर साईं धाम पर भक्तगणों ने अनिलानंद गुरु महाराज का पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया। महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गुरु पूजन में गुलशन भारद्वाज अशोक शिवहरे सिंह साहब गोपी बत्रा पर्मेंद्र कौशल अनेक शिष्य गण सम्मिलित हुए।

# गोविंद पुरा एसडीएम ने माता-पिता को प्रताड़ित करने वाले पुत्र और उसकी पत्नी को मकान खाली करने के दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गोविंदपुरा अनुविभागीय अधिकारी मनोज वर्मा के यहां सेमरा कलां सुभाष कालोनी निवासी शिवनाथ कुशवाह के दूसरे नंबर पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत की गई थी। साथ ही स्वयं के द्वारा निर्मित मकान में रहा रहे पुत्र से मकान खाली कराए जाने के लिए भी आवेदन किया गया था। जिस पर सुनवाई करते हुए पुत्र और पुत्रवधु को मकान खाली कराने के आदेश किए । शिवनाथ कुशवाह सेमरा स्थित म.नं. 25 सुभाष कालोनी में निवास करते हैं। यह मकान स्वयं के द्वारा निर्मित है जिसमें उक्त मकान में उनके ने एसडीएम गोविंदा पूरा में शिकायत की कि मेरा मंझला पुत्र विकास कुशवाह एवं उसकी पत्नी मंजू कुशवाह जो कि मेरे स्वयं के मकान में रह रहे हैं और मुझसे एवं मेरी पत्नी से आये दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं, दादागिरी दिखाते है तथा तरह-तरह से हम दोनों वृद्ध माता-पिता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं ।यह कि मेरी पुत्रवधु धमकी देती है कि तुम्हें झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे और वह एक बार मेरी पत्नी के साथ मारपीट भी कर चुकी है। पुत्र विकास कुशवाह एवं उसकी पत्नी से मेरा मकान खाली करने के लिए कहा गया तो वह मेरा मकान खाली करने को तैयार नहीं हैं जबकि उन्होंने अपना स्वयं का मकान अयोध्या बायपास में नया है वह उसमें नहीं जा रहे हैं और मुझसे मकान में हिस्सा मांगते है एवं कहते हैं कि रूपये 10 लाख दो जब ही मकान खाली करेंगे नहीं तो यहीं कब्जा करके रहेंगे तुमसे जो करते बने कर लो ।शिकायत उपरांत गोविंदपुरा अनुविभागीय अधिकारी मनोज वर्मा ने सुनवाई के दौरान पुत्र व पुत्रवधु से दोसी पाए गए जिस पुत्र और पुत्रवधु को 1 माह के अंदर मकान खाली करने का आदेश किया।

# समाज को जोड़ने का काम करें: लाल साईं

## गुरू पूर्णिमा पर आध्यात्मिक रंग में डूबा टेम्पल आफ सम्बोधि



राजधानी के अन्य क्षेत्रों की तरह संत हिरदाराम नगर में भी गुरू पूर्णिमा महोत्सव उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। वैसे तो कई जगह कार्यक्रम हुए लेकिन मुख्य समारोह वेदांत संत लाल साईं महाराज की दरबार टेम्पल आफ सम्बोधि पर हुआ. गुरु पूनम समारोह में क्षेत्र के पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, महानगर बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी, संत नरेश पारदासानी, सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, पार्षद अशोक मारण, सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामकुमार सभनानी, कोषाध्यक्ष नरेश तोलानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, पत्रकार हीरानंद गनवानी, बड़े भईया घनश्याम बूलचंदानी, सिंधी पंचायत महासचिव माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, मोहन मीरचंदानी, महिला भाजपा नेत्री शीला शामनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने दरबार में मत्था टेका और लाल सांई महाराज से आशीर्वाद लिया। प्रवचन में लाल साईं महाराज ने गुरू की महिमा एवं गुरू की सेवा का विस्तार से वर्णन किया.. साथ ही उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है, और वह ब्रम्ह स्वरूप है इसमें जितना हो सके पुण्य का सृजन करना चाहिए।

लालसाई ने बताया कि हमें हमेंशा समाज को जोड़ने का काम करना है कभी भी तोड़ने की नीति न अपनाएं। जितना हो सके दूसरों को भला और सहयोग करें। अगर हमसे गलती हुई है तो दूसरों से क्षमा मांगे और अगर दूसरे ने गलती की है, उसे उसे क्षमा करना सीखें क्योंकि क्षमा करने व क्षमा मांगने वाले दोनो ही महान होते हैं।

# प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान का आयोजन 5 जून से 5 जुलाई 2023 तक किया जा रहा है। जिसके तहत आज कुंजल वेलफेयर सोसायटी और ग्रीन सेल एक्सप्रेस प्र.लि. के संयुक्त प्रयासों से वाजपेयी नगर, ईदगाह हिल्स क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। संस्था और ग्रीन सेल एक्सप्रेस के कार्यकर्ताओं और रहवासियों द्वारा लगभग पच्चीस थैलों में कचरा एकत्रित कर नगर निगम की गाड़ी को दिया गया । स्थानीय लोगों को सफाई के महत्व पर जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रीन सेल एक्सप्रेस से सुनील चौधरी ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान गिनवाए। उन्होंने अपनी कंपनी के द्वारा इलेक्टिक बस सर्विस प्रोवाइडर के तौर पर कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी बात की। आपके द्वारा ऊर्जा के वैकल्पिक और नवीन स्त्रोतों के उपयोग से होने वाले फायदे पर विस्तार से जानकारी दी गई। कुंजल वेलफेयर सोसायटी की निदेशक प्रभा गौर ने संस्था द्वारा समुदाय के बीच किए जा रहे सतत् प्रयास पर जानकारी साझा की। आपने प्लास्टिक प्रदूषण के वैकल्पिक समाधान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था साल दर साल पेपर बैग और कपड़े के थैलों के प्रशिक्षण के माध्यम से स्वच्छता प्रहरी तैयार कर रही है जिससे अधिक से अधिक लोग इनका उपयोग कर सकें। कार्यक्रम के दौरान पचास से भी अधिक बच्चे, युवा और महिलाएं उपस्थित रहे और सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रहवासियों ने गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

### असमंजस में जन आशीर्वाद यात्रा

# शिवराज, तोमर, सिंधिया और कैलाश एक साथ यात्रा निकालेंगे या अलग, तय नहीं

द सूत्र ● भोपाल



भाजपा का 'ब्रांड' बन चुकी जन आशीर्वाद यात्रा इस बार उलझनों में है। जुलाई के पहले पखवाड़े में यह निकलनी है, लेकिन इसका रोडमैप अभी तक तय नहीं है। पार्टी में यह फॉर्मूला दिया गया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कुछ बड़े नेता केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व ज्योतिरादित्य सिंधिया, पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा अलग-अलग जगहों से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत करें। इसमें जहां भी बड़ी सभा होगी, शिवराज वहां पहुंचेंगे। यह फॉर्मूला अभी कुछ नेताओं के गले नहीं उतर रहा। लिहाजा इस पर 4 जुलाई को होने वाली कोर कमेटी की मीटिंग में चर्चा हो सकती है। इसे 'फॉलोअप' मीटिंग नाम दिया गया है।

**तोमर-सिंधिया के ग्वालियर-चंबल, विजयवर्गीय के मालवा तो वीडी के बुंदेलखंड में यात्रा निकालने पर हो रहा मंथन:** फॉर्मूले में तर्क दिया गया है कि तोमर-सिंधिया ग्वालियर-चंबल में यात्रा निकालें, जिसमें वहां के बाकी नेता शामिल हों। विजयवर्गीय मालवा में रहें। वीडी शर्मा बुंदेलखंड में जाएं। शिवराज सिंह मध्यभारत संभालने के साथ पूरे मप्र में बड़ी सभाओं को संबोधित करें। इसमें केंद्रीय लीडरशिप भी शामिल हो जाए। हालांकि अभी इस पर फैसला होना बाकी है। साफ है कि पूर्व में जिन मुद्दों को सामने रखा गया है, उस पर निर्णय हो सकता है। इसके बाद जन आशीर्वाद यात्रा का मामला केंद्रीय संगठन के पास मंजूरी के लिए जाएगा। पिछले विधानसभा चुनाव में 14 जुलाई से यह यात्रा शुरू हुई थी। यात्रा एक ही थी, जिसे शिवराज सिंह ने लीड किया था। तब 230 सीटों के लिए निकली यात्रा 181 सीटों तक पहुंची थी, क्योंकि टिकट वितरण के मद्देनजर अक्टूबर में इसे रोक दिया गया था। इस बार फिर यह यात्रा 230 सीटों तक जानी है, लेकिन यात्रा सिर्फ शिवराज सिंह चौहान निकालेंगे या अलग-अलग जगहों से निकलेगी, इस पर निर्णय होना बाकी है। बहरहाल, कोर कमेटी में चुनाव की तैयारियों पर भी बात होगी। प्रमुख नेताओं की जिम्मेदारी तय हो सकती है।

### भाजपा के लिए खास है ये यात्रा

मप्र भाजपा के लिए यह यात्रा खास होती है, क्योंकि यह पिछले कई विधानसभा चुनावों से ठीक पहले निकलती है। वर्ष 2021 में 39 केंद्रीय मंत्रियों ने भी यही यात्रा निकाली थी, जो 200 लोकसभा सीटों पर गई थी। इसे भाजपा अहम मानती है, क्योंकि इसी के भरोसे वह हर सीट पर न केवल पहुंचती है, बल्कि लगातार ब्रांडिंग भी की जाती है।

### जी-20 अंतर्गत सी-20 सेवा समिट का आयोजन

# 16 सेवा योगी उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारतीय समाज और भारत के मूल में सेवा का भाव समाहित है। एक ही चेतना सभी प्राणियों में व्याप्त है। यह भारतीय संस्कृति का मूल विचार है। संत कबीर ने भी कहा कि साहिब तेरी साहिबी, सब घट रही समाय, जो मेहंदी के पात में, लाली लखी न जाय। अर्थात् परमात्मा प्रत्येक मनुष्य में हैं लेकिन दिखाई नहीं देता। जिस तरह लाल रंग, हरी मेहंदी के पत्ते में समाहित है, लेकिन दिखता नहीं है। सेवा और साधना से मनुष्य का योगदान दिखाई देता है। मुख्यमंत्री चौहान आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में जी-20 के सेवा समिट के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अनेक समाजसेवियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे सहित अनेक अतिथि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हम, मनुष्यों के साथ ही पशु-पक्षियों और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी सजग रहते हैं। जन्म से ही सेवा की घुट्टी पिलाई जाती है। जियो और जीने दो का भाव मन में होता है। बिना संवेदना और अपनत्व भाव के सेवा नहीं हो सकती । देश के हर गाँव और कस्बे में कथाएँ होती हैं, तो कहा जाता है धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। यह मंत्र भारत ने ही दिया है। हमारे संतों ने हजारों साल पहले कहा कि सभी प्राणी सुखी हों, इसके लिए हम मन में बंधुत्व का भाव रखें। यह सेवा समिट विश्व मानवता, विश्व बंधुत्व और सेवा के भाव को सशक्त बनाएगा। यह भाव जीवन को सार्थक बनाता है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण, अपने आप में दुनिया की तमाम समस्याओं का समाधान भी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी वसुधैव कुटुम्बकम् के भाव को सशक्त बना रहे हैं। पेड़ लगाने का कार्य आचरण में हो, भाषण में नहीं, तभी हमारी भूमिका सार्थक होगी। अन्य लोग भी ऐसे कार्यों से प्रेरित होते हैं। मुझे संतोष है कि मैं ढाई वर्ष से निरंतर प्रतिदिन पौधा लगा रहा हूँ। धरती की सेवा के लिए और कम से कम अपनी आवश्यकता की आक्सीजन को ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए। दीन-दुखियों और दरिद्रों की सेवा से भी जीवन सार्थक होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन सेवा के भाव को एक नया अर्थ देगा। मुख्यमंत्री चौहान ने सिविल = 20 सेवा समिट में देश-विदेश से आए समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति मन का और आत्मा का सुख प्राप्त करना चाहता है। यदि कोई नागरिक आपराधिक प्रवृत्ति का है तो भी उसमें दया का भाव विद्यमान होता है। आत्मा के सुख के लिए व्यक्ति सेवा कार्य में संलग्न हो जाता है।

### मुख्यमंत्री चौहान मूलतः सेवा योगी- डॉ. सहस्त्रबुद्धे

डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान मूलतः सेवा योगी है। उन्होंने दो दशक से प्रदेश की सेवा करते हुए जनता के साथ अपनत्व का रिश्ता बनाया है। जनता को अपने साथ जोड़ते हैं इसलिए प्रदेश के मामा कहलाते हैं। सेवा करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। जी 20 में सेवा का विषय शामिल किया जाना अपने आप में गर्व की बात है। भारत में हुए सेवा सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश पूरे विश्व को प्रेरणा देगा।

### सेवा को समर्पित दो पुस्तक का विमोचन

मुख्यमंत्री चौहान ने 2 पुस्तक - सेवा, सुशासन और सहभागिता के 2 दशक और सेवा-सेंस ऑफ़ सर्विस कॅम्पेंडियम ऑफ़ प्रेक्टिसेज अक्रॉस जी -20 कन्ट्रीज का विमोचन किया।

# नामी अवैध शराब पर्ची तस्कर को आबकारी अमले ने पकड़ा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि पंचशील, अप्सरा, सुभाष नगर, अशोका गार्डन, स्टेशन सहित पुराने भोपाल में एक नामी तस्कर छोटे तस्करों को पर्ची बांटकर अवैध मदिरा सप्लाई का कार्य कर रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर आबकारी कन्ट्रोलर सजेंद्र मोरी के नेतृत्व में गठित आबकारी टीम ने कोलार तिराहा, चूनाभट्टी में नाके बंदी में सागर पिता काशीराम सोनाने, उम्र-28 वर्ष निवासी ओम नगर के वाहन स्कूटी क्रमांक MP04 UP-4744 से दो झोलों में 330 पाव कुल 59.4 ब.ली. प्लेन देशी मदिरा बरामद की। आबकारी उपनिरीक्षकचन्दर सिंह ने म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(2) का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी ने गहन पूछताछ में बताया कि एक नामी पुराना तस्कर जो पर्ची के माध्यम से अवैध शराब विक्रय करवाता है। उक्त सूचना पर तत्काल ही टीम का गठन कर प्रभात पेट्रोल पंप पर नाकेबंदी की तो नामी तस्कर वाहन ज्यूपिटर से झोलों में 84 बो. गोआ विदेशी मदिरा अपनी एक्टिवा से फेंककर भागने का प्रयास किया गया । तत्काल स्टॉफ द्वारा उसका पीछा कर मनप्रीत होटल के सामने घेराबंदी कर एक्टिवा सहित पकड़ा गया। आबकारी उप निरीक्षक अपर्णा राव द्वारा आरोपी धनसिंह पिता कुंजीलाल रघुबंशी उम्र 50 वर्ष निवासी अशोका गार्डन पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(2) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया । रविवार को जिला भोपाल मे म.प्र.आबकरी अधिनियम धारा 34(2) के तहत दो प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

## स्वर्ण जयंती पार्क गोविंदपुरा में चलाया पौधारोपण अभियान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विश्व पर्यावरण माह के दौरान कुंजल वेलफेयर सोसायटी एवं विश्व युवक केन्द्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण जयंती पार्क गोविंदपुरा में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

भोपाल की प्रथम नागरिक महापौर मालती राय, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य समन्वयक सुरेन्द्र शुक्ला, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी, स्थानीय पार्षद राकेश यादव की उपस्थिति पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कुंजल वेलफेयर सोसायटी की निदेशक प्रभा गौर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व युवक केन्द्र और संस्था द्वारा 5 जून से 5 जुलाई 2023 तक चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। संस्था द्वारा इस अभियान के तहत शहर भर में वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, सफाई अभियान और कार्यशाला का आयोजन किया गया है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील की और उन्हें संरक्षित करने पर भी बल दिया ?। महापौर मालती राय ने उपस्थित जनसमूह से भोपाल को प्लास्टिक मुक्त करने में सहयोग मांगा और उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण फीडबैक के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों से भोपाल को नम्बर 1 बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। संस्था से प्रभा गौर द्वारा सैकड़ों लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई।

# एम्स के विज़न 2030 पर विचार मंथन सत्र का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल ने आज होटल आमेर ग्रीन्स में विज़न 2030 पर एक विचारोत्तेजक मंथन सत्र का आयोजन किया । इस आयोजन का उद्देश्य एम्स भोपाल के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ वाई के गुप्ता द्वारा मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा करना था। प्रोफेसर डॉ वाई के गुप्ता ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और अपने गहन ज्ञान और दूरदर्शी विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

सम्मानित अतिथि, एम्स भोपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक ने प्रतिभागियों के बीच प्रत्याशा और उत्साह की भावना को बढ़ाते हुए इस आयोजन को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया । विचार-मंथन सत्र का आयोजन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह द्वारा किया गया । उन्होंने सभी उपस्थित लोगों के लिए विचारों का निर्बाध प्रवाह और एक उत्पादक माहौल प्रदान किया । सम्मानित अतिथियों में प्रोफेसर एस.के. गुप्ता आरजीपीवी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति और एम्स भोपाल के संस्थागत निकाय के सदस्य ने इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में अपनी बहुमूल्य विशेषज्ञता पेश की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंशुल राय द्वारा किया गया, जिन्होंने ओपीडी उपस्थिति, आईपीडी प्रवेश, सर्जरी, जांच और अन्य प्रमुख मैट्रिक्स के संदर्भ में एम्स अस्पताल की उल्लेखनीय वृद्धि को प्रदर्शित करता डेटा प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपनिदेशक प्रशासन कर्नल अजीत कुमार, डीन रिसर्च डॉ. देबासिस बिस्वास, प्रोफेसर बालाकृष्णन एस, प्रोफेसर बर्था एडी रथिनम, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. मनीषा श्रीवास्तव और पूर्व प्रोफेसर डॉ. नीलकमल कपूर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रस्तुतियों के साथ हुई । उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि ने एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक चर्चा के लिए मंच तैयार किया।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण युवक संघ का हुआ प्रांतीय अधिवेशन



**भोपाल।** समाज और परिवार के निर्माण में युवाओं की भूमिका बड़ी अहम् होती है, इसलिए हमेशा ही युवाओं को आगे आना चाहिए। साथ ही वरिष्ठ पीढ़ी को युवाओं के कार्य में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करते हुए उन्हें कार्य करने स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। यह कहना है अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी का। वे आज मानस भवन में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण युवक संघ के पहले प्रांतीय अधिवेशन में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम महिला सभा की राष्ट्रीय संरक्षक माया त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रधानमंत्री जय किशन पंचारिया, युवक संघ के प्रांतीय सभा के अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, महिला प्रांतीय सभा की अध्यक्ष भारती तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दै. स्वदेश समाचार पत्र समूह भोपाल के प्रधान संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र उपस्थित थे। इसके अलावा विधायक पीसी शर्मा, नारायण त्रिपाठी, पार्षद अमित शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## गुरु और शिष्य का संबंध पूर्णतया निष्काम व आध्यात्मिक है : योग गुरु महेश अग्रवाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि गुरु शब्द का शाब्दिक अर्थ है- उच्च चेतना के मार्ग में अवरोध पैदा करने वाले अन्धकार को दूर करने वाला; सूक्ष्म अन्धकार को और अशुभ वृत्तियों को नष्ट करने वाला। लेकिन भौतिक दृष्टि से गुरु शब्द का अर्थ है-एक आध्यात्मिक शिक्षक जो आध्यात्मिक जीवन के विषय में मार्गदर्शन देता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योग साधकों ने सामूहिक योग अभ्यास एवं के उच्चारण के साथ सभी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। योग प्रमुख रुप से सम्मानीय वरिष्ठ रामचंद्र वराडपांडे, एच. एस. चौहान, योग गुरु डॉ. मोहित तंवर, योग गुरु कविता शर्मा, रमेश साहू विमला साहू, लता पंजाबी, श्वेता केंदुलकर सुदीप्ता रॉय सुनीता जोशी सुरेखा चावला, वैजनाथ भगत, अर्चना श्रॉफ, भूपिंदर कौर सलूजा, अमिता माहेश्वरी, तृप्ति माहेश्वरी, राजेंद्र माहेश्वरी उपस्थित रहे।

बेच के उपनिरीक्षक जो इस समय ए. एस.पी/ डी.एस.पी एवं टीआई रैंक तक पदोन्नति हो चुके है का मिलन समारोह अवध मैरिज गार्डन रविशंकर शुक्ला के यहां सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सभी साथी परिवार सहित सम्मिलित हुए एवं एक दूसरे का परिचय किया गीत संगीत का आनंद लिया तथा दाल बाफले का भी आनंद लिया। मुख्य बात यह है कि रिटायरमेंट के बाद राजनीति में महत्व नहीं मिलता है उसके विरुद्ध आवाज उठाई जाए तथा दुख में एक दूसरे का सहयोग किया जाए। सम्मेलन के मुख्य आयोजक एस. के .पंथी, विपिन तिवारी, रविशंकर शुक्ला, एन.के. नाहर पी.एल. राज, सुरेश चौधरी, उमेश शुक्ला एवं एम.के. जैन ए. एस.पी. की रहीद्य आभार एस. के .पंथी डीएसपी द्वारा किया गया।

# देश के नवनिर्माण में गुरुजनों की अहम भूमिका : गोविंद सिंह राजपूत

## गुरु पूर्णिमा पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने सरस्वती शिशु मंदिर एवं ग्राम भारती के आचार्यों दीदी का किया सम्मान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सरस्वती शिशु मंदिर एवं ग्राम भारती के सभी आचार्यों तथा दीदी जनों का साल श्रीफल एवं उपहार देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली समझता हूं कि मुझे देश के नव निर्माण करने वालों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ श्री राजपूत ने कहा कि गुरु नर को नारायण बना देते हैं गुरु की महिमा वेद, पुराण में देखी जा सकती है गुरु ने ही श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम बना दिया, नरेंद्र को स्वामी विवेकानंद बना दिया चाणक्य ने एक बालक को सम्राट बना दिया यह गुरु की महिमा ही है जो एक कंकड़ को शंकर बना सकती है गुरु की महिमा का जितना बखान किया जाए वह कम है खासतौर से हमारे सरस्वती शिशु मंदिर एवं ग्राम भारती के आचार्य तथा दीदी का शिक्षा और संस्कार देने में अस्मरणीय योगदान है सरस्वती शिशु मंदिर वह विद्यालय है जहां संस्कार और शिक्षा एक साथ दिए जाते है । हमारे देश की संस्कृति सभ्यता, सनातन की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर तथा ग्राम भारती में बच्चों को शुरुआत से ही दी जाती है श्री राजपूत ने सभी शिक्षक जनों का गुरुजनों , आचार्य, दीदी का श्रीफल से सम्मान करते हुए सभी को उपहार दिए एवं उनके साथ भोजन किया इस अवसर पर सागर विभाग संघ संचालक डॉ,जी एस चौबे ने कहा कि भगवान नाराज हो जाएं तो चलेगा लेकिन गुरु नाराज हो तो जीवन बर्बाद हो जाता है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि गुरु देश के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं श्री राजपूत ने सभी गुरुजनों को प्रणाम करते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि कहा कि राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का यह आयोजन गुरुजनों के लिए सच्चे श्रद्धा सुमन एवं उनका सम्मान है इस तरह के आयोजन से गुरुजनों का मान बढ़ता है श्री सिरोठिया ने सभी शिक्षकों को एवं राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जिले के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का हुआ वितरण



**सागर।** निरामय भारत आयुष्मान कार्ड योजना जीवनदायनी योजना, मध्यप्रदेश की सरकार विकासात्मक सोच वाली सरकार उक्त विचार राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित आयुष्मान कार्ड वितरण एवं सिकिल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किए। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि निरामय भारत आयुष्मान कार्ड योजना जीवनदायनी योजना है। मध्यप्रदेश की सरकार विकासात्मक सोच वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार स्वास्थ्य के संबंध में महिलाओं, बेटियों एवं किसानों के लिए आगे बढ़ाने के लिए अनेक लोक हितकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी केंद्र एवं राज्य सरकार मिलाकर किसान भाइयों को 10000 रूपये की राशि दी थी। किंतु अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्र के समान राशि कर दी अब किसानों को 12000 रूपये की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, युवाओं के लिए सीखो कमाओ योजना, किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों के लिए लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राजपूत ने कहा कि पहले जब व्यक्ति बीमार होता था तब वह एवं उनके परिजन चिंतित हो जाते थे कि इलाज में कितना पैसा लगेगा, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 5 लाख तक का इलाज किसी भी मान्यता प्राप्त अस्पताल में निशुल्क प्राप्त किया जा रहा है।

### महावीर मंदिर उदासीन आश्रम में भक्तों ने किया पूजन

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के प्राचीन मूर्तियां महावीर मंदिर उदासीन आश्रम पर भक्तों ने महंत बाबा कन्हैया दास गुरु महाराज का पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया। महंत बाबा कन्हैयालाल महाराज सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गुरु पूजन में में नवल किशोर मिश्रा पवन शर्मा जी सर्वेश शुक्ला वेद प्रकाश चौबे विष्णु तिवारी विजय गोस्वामी शैलेंद्र तिवारी राजेंद्र सक्सेना नीलेश पारे रविंद्र चौहान सुमित शर्मा अमित शर्मा आकाश शर्मा सहित अनेक शिष्य गण सम्मिलित हुए।

91-7440389275
Yash Civil Contractor
Residential / Commercial
Quality Construction With
Material & Labour Rates
Contact Us :-
Bhopal. (M.P.)

स म्पा द की य

# भतीजे की शह, चाचा की मात

राजनीति अनिश्चितताओं का खेल है। इसमें कभी भी, और कुछ भी हो सकता है। महाराष्ट्र में तो ये एक बार फिर साबित हो गया। अचानक चाणक्य चाचा के भतीजे अजित ने एक बार फिर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की शपथ ली और राज्य की राजनीति में फिर भूचाल आ गया। इस बार शरद पवार को वाकई मात मिली है, लेकिन यह आने वाला चुनाव ही बताएगा कि क्या चाणक्य इसे शह के रूप में लेकर बदला लेते हैं। यह भी देखना होगा कि महाराष्ट्र की जनता इस शह मात के खेल में किसका परचम फहराती है? लेकिन आज तो भतीजे ने अपना जौहर दिखा ही दिया।

महाराष्ट्र में जो हो जाए, शायद कम ही है। 1987 का वाकया याद आता है, जब शरद पवार चालीस विधायकों के साथ अलग दल बनाकर मुख्यमंत्री बन गए थे। तब उन्होंने कांग्रेस के वसंत दादा पाटिल को मात दी थी। अब उनके भतीजे ने उनसे सत्ता तो नहीं छीनी, लेकिन उन्हीं का दांव उन्हीं पर चल दिया और एनसीपी को विभाजित कर दिया। देखा जाए तो अजित पवार की निष्ठा तो लम्बे समय से संदिग्ध रही है। लेकिन जो प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और दिलीप वसले पाटील का शरद पवार को छोड़ना बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है।

यह सब कितने गुप्त रूप से हुआ होगा इसका अंदाज़ा इससे लगाया जा सकता है कि शरद पवार को कानोकान खबर नहीं पड़ी। कुछ लोग राजभवन पहुँच रहे हैं, इस बारे में असलियत का पता लगाने के लिए शरद पवार ने जिन दिलीप वसले पाटील को फ़ोन किया, कुछ देर बाद पता चला कि खुद पाटील ने भी मंत्री पद की शपथ ले ली है। पार्टी के अंदरूनी हालात की बात करें तो बेटी सुप्रिया को ज़रूरत से ज़्यादा तवज्जो देने के कारण बड़े नेता अंदर ही अंदर नाराज़ चल रहे थे। अजित पवार तो पहले से ही नाराज़ थे। बड़े नेताओं की नाराज़गी को अजित ने हवा दी और सबको इकट्ठा करके बड़ा दांव खेल लिया।

दरअसल, महाराष्ट्र में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, वह शिवसेना की तोड़फोड़ से काफ़ी मिलता जुलता है। हालाँकि शिवसेना के टूटते वक्त विधायकों को लम्बे समय तक यहाँ-वहाँ छिपाया गया था, लेकिन एनसीपी के मामले में ऐसा नहीं हुआ। समानता यह है कि एकनाथ शिंदे ने जब अलग शिवसेना की योजना बनाई तब पार्टी में एक तरह से बाप-बेटे यानी उद्धव ठाकरे और उनके बेटे ही रह गए थे। वैसे ही एनसीपी में भी अब बाप-बेटी यानी शरद पवार और सुप्रिया सुले ही रह गई हैं। जिस तरह उद्धव के साथ संजय राउत खड़े रहे वैसे ही शरद पवार के साथ जयंत पाटील खड़े हैं। जिस तरह उद्धव गुट से शिवसेना और उसका निशान तक छिन गया वही हालात एनसीपी में भी दिखाई दे रहे हैं। चालीस विधायक साथ होने का दावा कर रहे अजित पवार भी एनसीपी पर वैसे ही क़ब्ज़ा करने को उतारू हैं जैसे शिंदे ने शिवसेना पर किया था। क़ानूनी दांव पेंच शायद पहले ही पूरे कर लिए गए हैं। बेशक इस खेल में परदे के पीछे भाजपा, खासकर देवेंद्र फडणवीस भी शामिल रहे होंगे।

अजित को तोड़ा गया, या वे खुछ भाजपा में गए, यह सवाल तो है ही, लेकिन इसके पीछे पहले जो कारण माने जा रहे हैं, उन पर नजर डालते हैं। पहला तो यह कि 2019 में अल सुबह देवेन्द्र फडनवीस और अजित दादा पवार की जो शपथ हुई थी, वो दो ही दिन में नाकाम हो गई थी, उसका बदला शरद पवार से लेना ही था। दूसरी वजह है भ्रष्टाचार। अजित सहित एनसीपी के कई बड़े नेताओं पर भाजपा की ओर से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे। अजित के खिलाफ तो बहुत बड़ा मामला है। संभवतया सभी बड़े नेताओं का भाजपा की शरण में जाने की सबसे बड़ी वजह यही है। जैसा कि विपक्ष कह रहा है कि भाजपा की वाशिंग मशीन में जाते ही हर नेता पाक- साफ़ हो जाता है, अब इन एनसीपी नेताओं पर लगता है कोई कार्रवाई नहीं होने वाली है।

तीसरा कारण है, एक होते विपक्ष के मनोबल को तोड़ना। चूँकि विपक्षी एकता की रणनीति में सबसे ज़्यादा अनुभवी शरद पवार ही हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें ही झटका दिया गया। हालाँकि शरद पवार ने इस घटनाक्रम के बाद कहा है कि पार्टी उन्हीं ने बनाई थी, और उसे फिर से खड़ा करने की ताक़त वे आज भी रखते हैं। वे राज्यभर में घूम- घूमकर लोगों का समर्थन जुटाएँगे, और नए नेता खड़े कर देंगे। हो सकता है इनके प्रति सहानुभूति लहर पैदा हो जाए और वे तमाम राजनीतिक चालों को धराशायी कर दें लेकिन यह आने वाला समय ही तय करेगा। शरद पवार को अजित के जाने का उतना बड़ा झटका नहीं लगा होगा, जितना कि प्रफुल्ल पटेल के जाने का। कहने को पवार ने प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर सुप्रिया के बराबर कर दिया था, लेकिन फिर भी वे अजित के साथ ही चले गए। एक खास बात और, इस सब प्रहसन के पीछे भाजपा की सरकार बचाने का भी एक प्रयास है। पता नहीं एकनाथ शिंदे कब अयोग्य हो जाएं? सो एक तीर से कई निशान लगाए गए हैं। इनका दीर्घकालीन असर क्या होता है, यह बाद में पता चलेगा, अभी तो भाजपा और अजित ने जीत हासिल कर ली है।

## गुरुदक्षिणा (लघुकथा)

गोविंद प्रसाद जी विगत कई वर्षों से निजी विद्यालय में अध्यापन करवा रहे।अतुल उनका प्रिय विद्यार्थी था। पढ़ने -लिखने में मेधावी था ,हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लेता। कक्षा 08 के बाद वह एक कुम्हार के यहाँ काम करने लगा। यह बात पता चलते ही गोविंद प्रसाद जी ने उसे बुलाने एक छात्र को भेजा।



अतुल ने कहा-गुरुदेव प्रणाम।'

तुमने पढ़ाई क्यो छोड़ दी?

गुरुदेव पिताजी बीमार है, घर की जिम्मेदारी ही आ गई है।मेरे पास इतने रुपए नहीं की मैं आगे पढ़ पाऊं।

कल से रोज सुबह स्कूल आओ,दोपहर में काम कर लिया करो,फीस की चिंता ना करो। जैसी आपकी आज्ञा।

अतुल अब पहले से ज्यादा मेहनती हो गया।पढ़ाई के साथ काम भी करता और हमेशा अच्छे अंको से उत्तीर्ण होता रहा।

प्रतियोगी परीक्षा के बाद वह एक बड़ा अधिकारी बन गया।

गोविंद प्रसाद जी अतुल तरक्की देखकर गौरवान्वित हुए। हर गुरुपूर्णिमा पर फोन आता गुरुदेव सादर प्रणाम।

खुश रहो अतुल,बातचीत में स्नेहवश उन्होंने पूछ लिया-गुरु दक्षिणा में क्या दोगे? गुरुदेव जो बन पड़ेगा वह करूंगा।

कुछ दिन बाद..गोविंद प्रसाद जी का निधन हो गया। घर में गुरुमाता सुचित्रा अकेली रह गई। एक दिन बड़ी- सी गाड़ी उनके घर के सामने आकर खड़ी होती है।

ड्राइवर ने कहा-माँजी आपको साहब ने बुलाया है।

तुम्हारे साहब कौन है?

माँजी अतुल शर्मा

ठीक है कहकर वह गाड़ी में बैठ गई। घर के मुख्य द्वार पर अतुल उसकी पत्नी सोनाली और बच्चे अंकित, नीता स्वागत में खड़े थे। आपका स्वागत है, सभी ने प्रणाम किया। सोनाली- माँजी को एक कमरे में ले गई जहाँ गुरुदेव गोविंद जी का चित्र लगा था। आज से आप यही रहेगी अपने बेटे, बहु और परिवार के साथ।

डॉ. प्रणव देवेन्द्र श्रोत्रिय
शिक्षाविद ,लेखक, इंदौर

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# नरेंद्र मोदी का शहडोल दौरा और दो अफसरों की मेहनत

**सुरेश तिवारी**

प्रधानमंत्री का शहडोल दौरा दूसरी बार में पूरा हुआ। जब वे पहली बार यहां आने वाले थे, बारिश ने व्यवधान पैदा कर दिया। लेकिन, दूसरी बार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहडोल आए तो सारा इंतजाम अविस्मरणीय रहा। इसका श्रेय निश्चित रूप से यहां के कमिश्नर राजीव शर्मा और कलेक्टर वंदना वैद्य को दिया जाना चाहिए, जिनकी मेहनत ने इस वीवीआईपी दौरे को अलग ही रंग मिला मिला।



आदिवासी परंपरा के अनुरूप संस्कृति के नए आयाम गढ़कर जिस तरह प्रधानमंत्री का स्वागत सत्कार किया गया और शहडोल के लालपुर और पकरिया गांव में जो व्यवस्थाएं हुई, वे अद्भुत रही। फूल प्रूफ प्लानिंग और उसी के अनुरूप जैसे इंतजाम किए, उससे लगा कि इन दो अफसरों ने कितनी मेहनत और तैयारियां की होगी। उनकी सराहना भी हो रही है, उससे लगा कि किसी आयोजन को किस तरह प्लान किया जाता है।

किसी फाइव स्टार होटल में कार्यक्रम और खान-पान के इंतजाम आसान है। लेकिन, दूरदराज के ठेठ आदिवासी अंचल में इतना सफल आयोजन होना निश्चित रूप से तारीफ के काबिल है। शायद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमीन पर बैठकर आदिवासियों के साथ बैठकर आदिवासी व्यंजन कोदो-कुटकी खाया। एक ख़ास बात ये रही कि प्रधानमंत्री के आसपास दोनों तरफ पांच-पांच आदिवासियों को ही बैठाया गया।

बारिश की वजह से जब 27 जून को पहली बार का कार्यक्रम स्थगित हो गया था, तब ग्रामीण मायूस हो गए थे। उन्हें लगा कि जीवन की एक अविस्मरणीय घटना उनके हाथ से निकल गई। इस बात को कलेक्टर वंदना वैद्य ने समझ भी लिया और वे रात को ही गांव पहुंची और ग्रामवासियों के बीच बैठकर भोजन और भजन किया। वे अपने साथ भोजन के पैकेट भी लेकर गईं थी। प्रधानमंत्री के दौरे की स्थगन की सूचना मिलने पर निराश आदिवासियों के बीच कलेक्टर के त्वरित पहुंचने की चौतरफा सराहना हो रही है।

### कानून के राज को चुनौती देते बीजेपी के मंत्री

विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही बीजेपी के नेताओं और मंत्रियों की वाचालता लगातार बढ़ रही है। सबसे बड़ी बात कि मंत्रियों का व्यवहार जिस तरह अफसरों विशेषकर पुलिस के खिलाफ देखा जा रहा है, वह उनके लिए आने वाले दिनों में मुसीबत का कारण बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।क्योंकि, एक तरह मुख्यमंत्री कानून के राज की बात करते हैं, दूसरी तरफ मंत्री कानून को चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे। पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने गुना में अपने समर्थक पर हुई कार्रवाई के खिलाफ खुलेआम बयानबाजी की। उन्होंने तो मीडिया के सामने धमकाने के अंदाज में बयान दिया कि हमारी सरकार है, जो हमारे कार्यकर्ताओं को परेशान करेगा उसे देख लिया जाएगा। सिसौदिया की यह धमकी सीधे-सीधे पुलिस द्वारा दर्ज की गई उस एफआईआर को लेकर थी, जो उनके एक समर्थक के खिलाफ दर्ज की गई थी। जबलपुर में राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि द्वारा कलेक्टर को की गई टिप्पणी उचित नहीं कही जा सकती।

ये ऐसे मामले हैं, जो बताते हैं कि बीजेपी नेताओं का व्यवहार लगातार बदल रहा है। पुलिस और प्रशासन को लेकर वे जिस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं, उससे उनके कार्यकर्ता जरूर कुछ देर के लिए खुश हो ले, लेकिन उनकी और पार्टी की इससे कोई अच्छी इमेज नहीं बन रही!

### कैलाश विजयवर्गीय की बढ़ती पूछ परख



सियासी गलियारों में पिछले 3 महीनों से देखा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की लगातार पूछ परख बढ़ती जा रही है। मध्यप्रदेश से जुड़े कई मामलों में अब उनसे सलाह भी ली जाती है। कई महत्वपूर्ण बैठकों में उनकी उपस्थिति देखी जा सकती है। ये बदलाव साफ़ दिखाई दे रहा है, जिसे पार्टी के स्तर पर महसूस किया गया। दिल्ली हाईकमान के आसपास भी उनकी गतिविधियां अलग आकार ले रही है। हाल ही में भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से कैलाश विजयवर्गीय हुई लंबी मुलाकात और उसके बाद उनका नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलना कुछ अलग संदेश दे रहा है।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनाव से पहले कैलाश विजयवर्गीय को मध्यप्रदेश में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। पार्टी के लिए ये चुनाव महत्वपूर्ण होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी है। कैलाश विजयवर्गीय को मिल रहा महत्व कुछ अलग इशारा कर रहा है।

### जीतू के समर्थन में उतरे बड़े नेता



इंदौर की राऊ विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को 13 साल पुराने शासकीय कार्य में बाधा डालने के एक मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई। उनकी जमानत भी हो गई और उनके चुनाव लड़ने में भी कोई अड़चन नहीं है! लेकिन, इस मुद्दे पर बीजेपी ने अनावश्यक तूल दिया कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने जीतू पटवारी को अकेला छोड़ दिया जबकि ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस के सभी बड़े नेता जीतू के समर्थन में खड़े हो गए।कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने तो खुलकर उनका समर्थन किया।

दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक कहा कि किसानों और बिजली उपभोक्ताओं के लिए आंदोलन करना यदि अपराध है, तो हम बार-बार यह करेंगे। उनके लिए संघर्ष में हम सब साथ हैं। जीतू लगे रहो। इस प्रदर्शन के दौरान दिग्विजय सिंह भी जीतू पटवारी के साथ थे और बुरी तरह घायल भी हुए थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी जीतू के खुलकर सामने आए । कमलनाथ ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता जनता की लड़ाई लड़ने से कभी पीछे नहीं हटेंगे, चाहे उनके खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही की जाए।

### भूपेंद्र सिंह: मीडियावाला की खबर पर लगी मुहर



पिछले सप्ताह 'मीडियावाला' के इसी कॉलम में खबर दी गई थी कि नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह की मुसीबतें बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के हाल ही में भोपाल में हुए दौरे में यह बात साबित भी हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे में उन्हें कर भी महत्व नहीं मिला, जबकि भूपेंद्र सिंह भोपाल के प्रभारी मंत्री हैं। बताया गया है कि लोकायुक्त जांच के अलावा सागर में चल रही वर्चस्व की लड़ाई से उनके लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला तो इतना बढ़ गया कि भूपेंद्र सिंह अब दिल्ली में भी आलाकमान के निशान पर आ गए। हालात यहां तक पहुंच गए कि पीएम के मंगलवार को भोपाल दौरे के समय पीएमओ से उनका नाम 'मिनिस्टर इन वेटिंग' से हटा दिया गया। यह जानकारी सीएम हॉउस से भूपेंद्र सिंह को पीएम के भोपाल आने के कुछ घंटे पहले दी गई। सियासी गलियारों में चल रही चर्चाओं पर अगर भरोसा किया जाए तो पीएम के दौरे के अगले दिन ही भूपेंद्र सिंह को दिल्ली तलब किया गया।

### फुटबॉल क्रांति देख रोमांचित प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शहडोल यात्रा के दौरान फुटबॉल के खिलाड़ियों से उनकी मुलाकात दिलचस्प रही। प्रधानमंत्री को जब यह बताया गया कि शहडोल के एक गांव में फुटबॉल को लेकर ब्राज़ील जैसा जुनून है तो वे आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने इन खिलाड़ियों से रूबरू बातचीत की और कहा कि वे मन की बात में इस बात का जिक्र जरूर करेंगे।

बता दें कि शहडोल में कमिश्नर राजीव शर्मा द्वारा पिछले 2 साल से इस खेल को बहुत बढ़ावा दिया गया। आज हालत यह है कि गांव में घर घर में यह इस खेल के प्रति विशेष लगाव देखा जा सकता है और इससे ग्रामवासी दूसरी बुराइयों से दूर रहते दिखाई दे रहे हैं।

### इसी सप्ताह हो सकते हैं आईएएस-आईपीएस अफसरों के तबादले



अब जबकि प्रधानमंत्री सहित सभी बड़े नेताओं के दौरे मध्यप्रदेश में सफलता के साथ संपन्न हो चुके हैं, अब मुख्यमंत्री चुनाव के पहले एक बार संभाग और जिलों में नए सिरे से प्रशासनिक जमावट कर सकते हैं। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि इस सप्ताह अब कभी भी आईएएस-आईपीएस अफसरों के तबादले हो सकते है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस तबादला सूची में ऐसे अधिकारियों के तबादले होंगे जिनका कार्यकाल एक ही स्थान पर 3 साल से ज्यादा हो गया है या जनवरी तक होने वाला है। इस सूची में इंदौर और उज्जैन संभाग के कमिश्नर के अलावा आधा दर्जन जिलों के कलेक्टर और एसपी के नाम चर्चा में हैं। चर्चा तो 2 संभाग के कमिश्नर के बदले जाने की भी है।

दिग्विजय एपिसोड के बाद सागर के कलेक्टर और एसपी और दमोह प्रहलाद पटेल एपिसोड के पास वहां के कलेक्टर एसपी भी बदले जा सकते हैं। वहीं जबलपुर की राज्यसभा सदस्य के साथ हुए व्यवहार को लेकर जबलपुर कलेक्टर के तबादले की भी चर्चा है। वल्लभ भवन गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि मंत्रालय स्तर पर भी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर भी फेरबदल हो सकता है।

### समान नागरिक संहिता के पक्ष में माहौल

राजनीतिक गलियारों के साथ साथ ही सत्ता के गलियारों में भी इन दिनों समान नागरिक संहिता पर खूब चर्चा हो रही है। हो भी क्यूँ नही, आखिर बहस की शुरुआत प्रधानमंत्री ने की है। हालांकि सत्ता के गलियारों में बहुमत संहिता लागू हो जाने के पक्ष में अधिक सुना जा रहा है। हालांकि उन्हें पता है कि इस संवेदनशील मुद्दे की चाबी राजनेताओं के ही पास है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा

दिल्ली में इन दिनों मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा जोरों पर है। सोमवार 3 जुलाई को प्रधानमंत्री ने मंत्रियों की बैठक भी आहूत की है। कई मंत्रियों को चिंता सता रही है कि बैठक में कहीं उनसे त्यागपत्र न मांग लिया जाय। आम चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है, ऐसे में मंत्रिमण्डल मे फेरबदल किया जाना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### दिल्ली में अफसरों को अब सेवा विस्तार नहीं

एक के बाद एक तीन जांच एजेंसियों के मुखिया बदलकर प्रधानमंत्री ने अब और सेवा विस्तार न देने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। अब सबकी नजरें ईडी के निदेशक पर है। सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस वर्ष चौथा कार्यकाल पूरा होने के बाद नवंबर मे निदेशक अपना पद छोड़ देंगे। इस वर्ष अगस्त में ही कैबिनेट और गृह सचिव के विस्तारित कार्यकाल भी पूरा हो रहा है।

# राज-काज: पहली बार दिखा मोदी की हंसी का ऐसा ठहाका



**दिनेश निगम 'त्यागी'**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ठहाका लगाकर हंसते भी हैं, मप्र में ऐसा पहली बार देखने को मिला। अवसर था शहडोल यात्रा के दौरान जबलपुर के डुमना हवाई अड्डे पर प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की आगवानी का। आमतौर पर भूपेंद्र सिंह, नरोत्तम मिश्रा एवं विश्वास सारंग ही प्रधानमंत्री के मप्र दौरे पर आगवानी करते नजर आते हैं। संभवत: पहली बार मिनिस्टर इन वेटिंग का दायित्व गोपाल भार्गव के पास था।

अक्सर प्रधानमंत्री सभी का अभिवादन स्वीकार करते, किसी से कुछ पूछते आगे बढ़ जाते हैं। इस बार नजारा कुछ अलग था। जो तस्वीर सुर्खियां बनी उसमें मोदी और भार्गव ठहाका लगाकर हंसते दिखाई पड़ रहे हैं। पास में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और अन्य नेता भी खड़े हैं। इससे साफ है कि मोदी और भार्गव के बीच कैमिस्ट्री अच्छी है। इस दिन भार्गव का जन्मदिन भी था, मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने और उज्जवल भविष्य की कामना की। भार्गव ने विनम्रता से मोदी को धन्यवाद दिया। भाजपा प्रवक्ता डॉ हितेश वाजपेयी ने यह फोटो शेयर करते हुए ट्वीट किया कि 'इससे अच्छा जन्मदिन कैसे हो सकता है भाई साहब'। मोदी-भार्गव के बीच की यह कैमेस्ट्री कोई नया राजनीतिक गुल न खिला दे, इसलिए फोटो देखकर कई प्रतिद्वंद्वी नेताओं की 'छाती में सांप लोट गए'।

### बड़ी खबर बनी मोदी का ज्योति को साथ ले जाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भोपाल दौरे के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को साथ ले जाना चर्चा का विषय है। ऐसा कर मोदी ने क्या संदेश दिया, इसे लेकर कई तरह की अटकलें हैं। एक चर्चा ज्योतिरादित्य को सुकून पहुंचाने वाली है तो दूसरी नींद उड़ाने वाली। मोदी के साथ उनका जाना भाजपा के कई अन्य नेताओं की नींद भी उड़ा गया है।

सिंधिया को खुश करने वाली चर्चा ये है कि मोदी ने ज्योति से प्रदेश की राजनीति और उन्हें दी जाने वाली नई संभावित जवाबदारी पर बात की। प्रदेश के राजनीतिक हालात का फीडबैक लिया। इस चर्चा को मोदी की मौजूदगी में दिल्ली में हुई संगठन की बड़ी बैठक से जोड़कर भी देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अमित शाह, जेपी नड्डा, बीएल संतोष आदि के साथ बैठक में मोदी ने सिंधिया के साथ हुई बातचीत को शेयर किया। इस आधार पर ही सिंधिया को नई जवाबदारी को लेकर अटकलें शुरू हुई हैं। दूसरा यह कि मोदी ने सिंधिया से उनके समर्थकों की बेचैनी और मची भगदड़ पर बात की। सिंधिया से कहा कि वे अपने समर्थकों को भाजपा नेताओं के साथ तालमेल बनाने को कहें। उनकी नाराजगी दूर करें ताकि वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में न जाएं। दोनों के बीच बातचीत का सच कोई नहीं जानता, लेकिन मोदी द्वारा सिंधिया को अपने साथ ले जाना बड़ी खबर बन गई।



### क्या सच भूपेंद्र के नाम पर पीएमओ ने चलाई कैंची



प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सबसे खास हैं, यह कई अवसरों पर साबित हो चुका है। हर वीवीआईपी दौरे के दौरान वे मुख्य भूमिका में रहते आए हैं। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे के दौरान वे सीन से गायब थे। स्वागतकताओं में छोटे-छोटे नेताओं के नाम थे लेकिन भूपेंद्र का नाम नदारद।

खबर है कि मोदी का स्वागत करने वालों में चार मंत्रियों के नाम भेजे गए थे, इनमें नरोत्तम मिश्रा, विश्वास सारंग के साथ भूपेंद्र भी शामिल थे लेकिन पीएमओ ने उनके नाम पर कैंची चला दी। सिर्फ नरोत्तम मिश्रा को बरकरार रखा। इसके पीछे दो वजह बताई जा रही हैं। पहला, आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। महाकाल लोक निर्माण में भ्रष्टाचार की आँच भी उन तक आ रही है। मोदी चूंकि इस समय भ्रष्टाचार पर हमलावर हैं। इसलिए भूपेंद्र का नाम हटाया गया ताकि विपक्ष को कोई अवसर न मिले। दूसरा, सागर जिले में मंत्रियों, विधायकों का विरोध भूपेंद्र पर भारी पड़ रहा है। प्रदेश के कद्दावर मंत्री गोपाल भार्गव तक भूपेंद्र के खिलाफ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंच गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ उनका छत्तीस का आंकड़ा है। केंद्रीय नेतृत्व इससे नाराज बताया जाता है।

### सरकार के गले की फांस बन गई पेट्रोल की कीमत



अनजाने ही सही लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल दौरे के दौरान पेट्रोल की कीमतों को लेकर अपनी ही सरकार को असहज कर गए। वे बोल गए कि भाजपा शाषित राज्यों में पेट्रोल की कीमत सौ रुपए प्रति लीटर से कम हैं जबकि विरोधी दलों की सरकारें लोगों से ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। उन्होंने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत का उल्लेख भी उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत कर दिया। संभवत: प्रधानमंत्री को नहीं मालूम था कि मप्र में पेट्रोल की कीमत 108 रुपए प्रति लीटर से भी ज्यादा है। बस क्या था, इधर मोदी का बोलना था और उधर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी सहित राज्य सरकार को घेर लिया। पेट्रोल की कीमत अब राज्य सरकार के गले की फांस बन गई है।

मोदी को सही करने लिए उसे कम से कम 8-9 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल के दाम कम करना पड़ेंगे। ऐसा किया तो राज्य के राजस्व को बड़ा नुकसान होगा। वैसे भी चुनावी साल में सरकार को सबसे ज्यादा पैसे की जरूरत है। उसे हर माह कर्ज लेकर काम चलाना पड़ रहा है। बावजूद इसके खबर है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पेट्रोल की कीमत कम करने पर विचार कर रहे हैं। इस संदर्भ में उन्होंने वित्त विभाग के साथ प्रमुख मंत्रियों और अफसरों के साथ विचार विमर्श किया है। मुख्यमंत्री कितनी कीमत घटा पाते हैं, इस पर सभी की नजर है।

### दमोह में आमने-सामने हो गए भाजपा के ये दिग्गज



वरिष्ठ नेता जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ की भाजपा में वापसी के साथ दमोह में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ने लगी है। सोसाइड के एक प्रकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की नाराजगी को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रहलाद ने अपनी सुरक्षा में दमोह पुलिस की सेवाएं लेने से इंकार कर पुलिस, सरकार और जयंत मलैया पर एक साथ निशाना साधा है। पुलिस ने आत्महत्या के एक मामले में सोसाइड नोट के आधार पर प्रकरण दर्ज किया है। जिसने सोसाइड किया और जिन पर प्रकरण दर्ज हुआ, सभी भाजपा के नेता-कार्यकर्ता हैं। खबर है कि आत्महत्या करने वाला जयंत मलैया के साथ जुड़ा था, इसलिए मलैया के कहने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। प्रहलाद चाहते थे कि पहले सोसाइड नोट की जांच हो, इसके बाद कार्रवाई, क्योंकि सोसाइड नोट में जिनका नाम था, वे सभी प्रहलाद से जुड़े थे। इनमें एक पार्षद और सांसद प्रतिनिधि भी है। प्रहलाद की नाराजगी के बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रकरण की सीआईडी जांच के आदेश दे दिए हैं। इससे मामला शांत होता नहीं दिखता। अब समूची दमोह भाजपा जयंत बनाम प्रहलाद में बंट गई है। सिद्धार्थ की पार्टी में वापसी ही नहीं हुई, उन्हें दमोह से तैयारी के संकेत भी दे दिए गए। यह प्रहलाद को नागवार गुजरा है। इस तनातनी का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in



नर्मदा अंचल के वरिष्ठ पत्रकार निष्पक्ष निर्भीक पत्रकारिता के पुरोधा देवेंद्र अवधिया को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उनके किए गए कार्यों को लेकर शिव संकल्प साहित्य परिषद द्वारा किए गए सम्मान के लिए हम आभारी हैं देवेंद्र भैया हमेशा धर्म समाज और पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे ही नाम रोशन करें यही श्री अवधिया सभी पत्रकार साथियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी

## सतना विंध्य चेंबर को मिला मोस्ट एक्टिव चेंबर ऑफ कॉमर्स का पुरस्कार



सतना फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 7वां आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट्स अवार्ड का आयोजन होटल कोर्टयार्ड मेरिट भोपाल में मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रमफेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भोपाल द्वारा आयोजित किया गया था मोस्ट एक्टिव (सर्वाधिक सक्रिय) चेंबर ऑफ कॉमर्स का पुरस्कार विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सतना को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा चेंबर के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुवे प्रदान किया गया। फेडरेशन की आमसभा को चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने भी संबोधित किया। चेंबर अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में डीजल - पेट्रोल पर वैट टैक्स कम किए जाने एवम विंध्य व्यापार मेला में ग्वालियर मेले की तर्ज पर विक्रित वाहनों में मोटर यान कर में छूट प्रदान करने की मांग की।

## तेंदूखेड़ा ब्लॉक में विधायक ने वितरित किए आयुष्मान कार्ड



दमोह तेंदूखेड़ा के नगर परिषद भवन में आयुष्मान कार्ड वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें स्वस्थ विभाग द्वारा स्केल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान एवं एक करोड़ आसमान कार्ड का वितरण वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया सभी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उद्बोधन सोना आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज की गारंटी भाजपा सरकार के द्वारा दी जा रही है जिसमें जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सभी को आयुष्मान कार्ड वितरित किए उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी सभी को दी एवं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर गरीब के हित में कार्य कर रही है इस दौरान एसडीएम श्री रावत,बीएमओ डॉक्टर साहब, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, शिवम जैन, चेतन जैन, राजीव जैन, सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही

## पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ कॉग्रेसी सुरेश पचौरी का मनाया जन्मोत्सव



औबेदुल्लागंज। पूरव केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश पचौरी का जन्मोत्सव उनके स्नेहीजनो ने सादगी से भोपाल स्थित उनके आवास पर मनाया। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भोपाल में बंगले पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दीं। उक्त अवसर पर वरिष्ठ नेता पचौरी ने अपने समर्थकों से आमजनों के सुख-दुख में उनकी मदद करने की बात कही। उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह( राजू) द्वारा उन्हें केक खिलाकर आशीर्वाद लिया व उनके साथ रमेश गौर, महेश जैन, राजेश खटीक, हरजीत सिंह मंगू, जमुना राजपूत, जगन्नाथ पटेल, अमर पैठारी, अनिल पटेल, डॉ. महेंद्र धाकड़, अनुराग जैन, मन्नू बाबा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की योजनाओं को लेकर बैठक आयोजित



गोहद/भिंड। युवा कांग्रेस भिंड द्वारा रविवार 2 जून 2023 को समीक्षा बैठक रखी गई है जिसमे संगठन द्वारा दिये गये कार्यों की समीक्षा करने मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि (सह-प्रभारी मध्य प्रदेश) कॉर्डिनेटर पवन ,त्यागी ,भिण्ड प्रभारी तारीक पठान मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व मे किया गया यह बैठक युवा कांग्रेस की समृद्धि कार्ड का शुभारंभ किया गया एवं संगठन द्वारा किए गये कार्यो की समीक्षा की गई डॉ राजकुमार देशलहरा ने कहा की हमारी पूरी टीम जिले मे मज़बूती से काम कर रही हैं प्रत्येक बूथ पर युवाओं द्वारा डिजिटल तरीके से घर घर जाकर ऑनलाइन युवाओं को जोड़ा जा रहा है एवं ऐप के द्वारा कमलनाथ की 5 गारंटी योजना 500 रुपए मे गैस सिलेंडर,किसानों का कर्जा माफ,महिलाओं को 1500 रुपए महीना,पुरानी पेंशन योजना पुनः लागू,100 यूनिट बिजली माफ 200 यूनिट बिजली हाफ योजनाओं के बारे मे बताकर यूथ जोडो बूथ जोडो अभियान चलाया जा रहा है आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव मे घर घर जाकर जानता की राय जानेंगे,राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी ने कहा कि ये झूठे लोगों कि सरकर है युवाओं से रोजगार का वदा करके युवा बेरोजगार घूम रहा है इस मौके पर महिला कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष रेखा भदौरिया,प्रदेश सचिव शालु पुरोहित,प्रदेश सचिव अतुल मिश्रा, बाल कांग्रेस के प्रभारी सचिन दुवेदी,विक्रम सिंह राजावत,अंकित तोमर (एनएसयूआई) अजय विमल,यतेन्द्र खरकिया, प्रमोद शुक्ला, राहुल धमोले, कोशलेन्द्र राजावत, अखण्ड प्रताप सिंह, शिवांश शर्मा,राहुल कुशवाह, सौरभ करसोलिया, राहुल उपाधीया, गौतम गहलोत, राजू लोधी, कुलदीप राजावत, प्रदीप गुर्जर, इमरान खान, डॉ नरेंद्र सिंह,अंकित भदौरिया, सत्यम कटारे,कृष्णा कुशवाह,नरोत्तम कुशवाह,सुनील थापक आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फल सब्जी मंडी ना शिफ्ट हुई तो होगा प्रदर्शन



सतना किसानों वा व्यापारियों एवं आम जनता को अनैतिक शोषण से बचाने के लिए विश्वास राव कृषि उपज फल सब्जी व्यापारियों ने भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में प्रस्ताव दिया गया कि सतना जिले के किसानों को शोषण से बचने के लिए आबैध संचालित थोक फल सब्जी मंडी को म.प्र.शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय कृषि उपज मंडी समिति सतना मे शिफ्ट करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसको लेकर किसानों और व्यापारियों के चर्चा के दौरान किसान और बेरोजगार युवा वा आम जनता के हितों को संज्ञान लेते हुए सतना जिले में अबैध संचालित थोक सब्जी मंडी को शिफ्ट करने हेतु भारतीय किसान यूनियन ने प्रस्ताव को पास करते हुए जिला प्रशासन को चेतावनी भी दिया कि अगर जिला प्रशासन किसानों के हितों के लिए संचालित अधिसूचित फल सब्जी मे आबैध सब्जी मंडी को शिफ्ट नहीं किया तो किसान यूनियन धरनास्थल मे बैठने को मजबूर हो जायेगा और जब तक अबैध सब्जी मंडी को जिला प्रशासन म.प्र.शासन के अधिसूचित फलसब्जी मंडी समिति के प्रांगण शिफ्ट नहीं करेगा जब तक किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा ....... एवं भारतीय किसान यूनियन की टाऊन हाल मे बैठक के दौरान और भी प्रस्ताव पास किए अवारा पशुओं की समस्या एवं बिजली विभाग की मनमानी और खाद बीज के बढते हुये दामों को कम करने के लिए प्रस्ताव पारित किया

### मेरा बूथ सबसे मजबूत

# रायसेन जिले के सभी 22 मंडलों में संगठन होगा बूथ स्तर तक मजबूत : राकेश



बरेली 7 भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर चलाए जा रहा है रायसेन जिले के सभी 22 मंडलों में बिहार एवं अन्य जगह से आये हुए अल्पकालीन विस्तारक संघठन कार्यों की गतिविधियां देखने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंच रहे हैं रायसेन जिले कि चारों विधानसभाओं में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए जिले के सभी पदाधिकारी बूथ स्तर तक लगे हुए हैं मेरा बूथ सबसे मजबूत ही हमारा लक्ष्य है जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि रायसेन जिले में चारों विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और सहयोग से संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होगा और भारतीय जनता पार्टी चारों विधानसभाओं में अपना विजय परचम लहराएगी भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ना कभी थकता है ना कभी रुकता है राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करता है 7

# सेवानिवृत्त कार्यक्रम में चला कविताओं का दौर

## बद्रीप्रसाद व शुभम चौहान ने सुनाई कविताएं



औबेदुल्लागंज। नगर के जेबी गार्डन में वैसे तो लोग उप वन क्षेत्रपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए बद्री प्रसाद नागर को विदाई देने पहुंचे थे,लेकिन कुछ वक्ताओं ने कविताएं भी पढ़ी। कार्यक्रम में वन पर्यावरण के साथ कविताओं की भी बात हुई। युवा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शुभम चौहान ने भी कुछ कविताएं कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षत पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि 38 साल सरकारी सेवा देना बड़ी बात है। कार्यक्रम में एसडीओपी मलकीत सिंह, पूर्व एसडीओपी नरेंद्र सिंह राठौर, महेंद्र सिंह मीणा भी पहुंचे। साथ ही थाना प्रभारी संदीप चौरासिया, सब इंस्पेक्टर विमलेश राय के साथ थाने का स्टॉफ नागर का स्वागत करने पहुंचा। वहीं सिहोर जिले से थाना प्रभारी विक्रांत झांझौट भी पहुंचे। सीएमओ सोनाली शर्मा अपने उपयंत्री मुकेश जैन व स्टॉफ के साथ मौजूद रही। राजस्व विभाग के पटवारियों व वन विभाग के एसडीओ सुनील भारद्धाज व रेंजर कार्तिकेय शुक्ला ने भी नागर का सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, पार्षद सुनील सेर्या, मनोज चौरासिया, सुरजीत यादव, दीपू परमार, नरेश सेठी आदि भी पहुंचे।

मंच पर यह रहे मौजूद जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सुरजीत सिंह गिल, कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, तूफान सिंह राजपूत, नारायण पटेल, कृष्णगोपाल पाठक, अशोक पटेल, पवन श्रीवास्तव, शैलेंद्र गिरी गोस्यामी, शुभम चौहान तामोट, पं संतोष शास्त्री, विनोद इरपाचे, गौरीशंकर नागर, अशोक पटेल, मोहन पटेल, पत्रकार गण आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन सोरभ चौहान तामोट ने किया।

# प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा की उपस्थिति में टिफिन बैठक संपन्न



छतरपुर। सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आज जिला भाजपा द्वारा प्रभारी मंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया।

टिफिन बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी श्रीमती ललिता यादव जी जिलाध्यक्ष मलखान सिंह जी विधायक विधायक श्री पदम सिंह लोधी जी श्री राजेश शुक्ला जी श्री राजेश प्रजापति जी पूर्व विधायक श्री मानवेंद्र सिंह जी श्री उमेश शुक्ला जी श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक जी पूर्व जिला अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह जी वरिष्ठ नेता श्री जयराम चतुर्वेदी जी प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती अभिलाषा शिवहरे जी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक जी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अबिनेंद्र पटेरिया जी जिला महामंत्री श्री सुरेन्द्र चौरसिया जी श्री अरविन्द पटेरिया जी श्री ब्रजेश सिंह राय जी कार्यक्रम के प्रभारी श्री अशोक दुबे जी जिला उपाध्यक्ष श्री दिलीप अहिरवार जी श्री राजेन्द्र सिंह मोनू यादव जी कार्यालय मंत्री श्री अरविंद त्रिपाठी जी मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला जी अरविन्द रावत जी सहित सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। टिफिन बैठक में कार्यकर्ता अपने अपने घर से टिफिन लेकर आए थे जिसे सभी ने एक दूसरे के साथ सह भोज कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### अन्नपूर्णा रसोई की ख्याति तेजी से बढ़ने लगी

छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह द्वारा भूखे लोगों को दिन में दो बार भरपेट भोजन कराने की मंशा से शुरू की गई छतरपुर की अन्नपूर्णा रसोई की ख्याति इसके शुभारंभ के साथ तेजी से बढ़ने लगी है। रविवार को रसोई को शुरु हुए दूसरा दिन था और दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग अपनी भूख को शांत करने रसोई में पहुंचे। सभी ने रसोई में तैयार किया गया भोजन ग्रहण कर भाजपा नेता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह और अर्चना सिंह के इस प्रयास को सराहा। भाजपा नेता पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और अर्चना सिंह ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई में दोनो समय लोगों को पूर्णतः निःशुल्क तथा भरपेट भोजन कराया जा रहा है। यहां न तो टोकन का झंझट है और न ही लाइन में लगने की समस्या। लोग सुबह तथा शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक भोजन पा सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि इस रसोई को शुरू करने का उद्देश्य है कि हमारे शहर का कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर डोर टू डोर जनसंपर्क



मण्डीदीप। औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी मंडल मंडीदीप द्वारा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। इन कार्यक्रमों के तहत विधानसभा के विस्तारक अनुज दुबे तथा प्रधानमंत्री के प्रधानमंत्री के 9 वर्ष पूर्ण होने पर अल्पकालीन विस्तारक प्रीति शुक्ला प्रबुद्ध जनों के यहां डोर टू डोर पहुंच रहे हैं। रविवार को डोर टू डोर अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल महामंत्री अमित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक एक, चार व पांच में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के पत्रक वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जिला मंत्री प्रेम साहू, मण्डल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, नपा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू , महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा पाल , पार्षद प्रार्थना चौहान , शुभम राजपूत ,मंडल महामंत्री राजेश भवरे, सुनील पाल ने कहा कि मोदी जी के नौ सौल बेमिसाल हैं। इन नौ सालों में सरकार की जनहितैषी योजनाओं ने प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्के आवास बनाकर दिए जा रहे हैं। किसानों के खातों में राशि भेजी जा रही है। देश के 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन का वितरण नियमित रूप से हो रहा है। केन्द्र व प्रदेश की हर योजना आमजन का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से केंद्र और प्रदेश की जनहितैषी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राही हमारी ताकत हैं। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा नेता दीपेन्द्र पाल, मण्डल उपाध्यक्ष रामनिवास पाल, संजय त्रिपाठी, अमरसिंह पाल, सुरेन्द्र चौकसे, राजू चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भीमबेटका में यूथ हॉस्टल ने किया मानसून का हेरिटेज ट्रेक

मंडीदीप। शहर में रविवार को यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की भोजपुरी इकाई मंडीदीप के द्वारा मानसून का पहला हेरिटेज ट्रैक भीमबेटका पहुंचकर गुफ़ाएं का अवलोकन किया।भीमबेटका रायसेन जिले में एक पुरापाषाणिक पुरातात्विक स्थल है। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक है और इस स्थल को सन 2003 में वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित किया जा चुका है। इस प्रकार की सात पहाड़ियाँ में से एक भीमबेटका की पहाड़ी पर 750 से अधिक रॉक शेल्टर (चट्टानों की गुफ़ाएँ) पाए गए है जो कि लगभग 10 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले हुए है। भीमबेटका भारतीय उपमहाद्वीप में मानव जीवन की उत्पति की शुरुआत के निशानों का वर्णन करती है। इस स्थान पर मौजूद सबसे पुराने चित्रों को आज से लगभग 30,000 साल पुराना माना जाता है। माना जाता है कि इन चित्रों में उपयोग किया गया रंग वनस्पतियों का था। जोकि समय के साथ-साथ धुंधला होता चला गया। इन चित्रों को आंतरिक दीवारो पर गहरा बनाया गया था।

# 129 वाँ मृदंगाचार्य नाना साहेब पानसे स्मृति गुरूपूर्णिमा संगीत समारोह ग्राम बकायन जिला दमोह - 03 एवं 04 को



दमोह एक छोटे से गाँव बकायन में सतत् 129 वर्ष से संपन्न हो रहे देष के सर्वाधिक प्राचीन संगीत केन्द्रित समारोह इस वर्ष 03 एवं 04 जुलाई 2023 को संपन्न होने जा रहा है। जिसमें 03 जुलाई को प्रातः सभा का शुभारंभ बकायन संगीत अखाड़े के युवा षिष्यवर्ग द्वारा पारंपरिक पुरातन शास्त्रीय बंदिषों यथा - ध्रुपद, तराना, ख्याल, ताल प्रबंध आदि की प्रस्तुति से होगा। रात्रिकालीन सभा रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगी जिसमें बकायन संगीत अखाड़े द्वारा ध्रुपद, बंदिष गायन होगा। इंदौर से पधारे ख्यात बाँसुरी वादक सलिल दाते की प्रस्तुति होगी जिनकी तबला संगति सारंग लासूरकर करेंगे। अगले क्रम में पद्मश्री उल्लास कषालकर के सुयोग्य षिष्य निर्भय सक्सेना का गायन होगा जो वर्तमान में इम्फाल (मणिपुर) में पदस्थ हैं तथा जिन्होंने अपने गुरू को भलीभांति आत्मसात किया है, इनके साथ तबले पर संगति बाल्यकाल से बकायन संगीत समारोह से जुड़े रामेन्द्र सिंह सोलंकी करेंगे, हारमोनियम पर संगति भोपाल के जितेन्द्र शर्मा करेंगे जो अनेक वर्षों से बकायन संगीत समारोह से जुड़े हुये हैं तथा सारंगी पर संगति उस्ताद फारूख लतीफ करेंगे। अगले क्रम में कत्थक नृत्य की बनारस परंपरा में पली-बढ़ी सुश्री आस्था गोडबोले-कार्लेकर अपने सहयोगी कलाकारों के साथ कत्थक नृत्य समूह प्रस्तुत करेंगी, जो पुणे से पधारी हैं। अंतिम प्रस्तुति ख्यात ध्रुपद गायक अभिजीत सुखदाणे की होगी जो ग्वालियर तथा बेहट (तानसेन का जन्म स्थान) में संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित ''ध्रुपद केन्द्र'' में गुरू के नाते कार्यरत हैं तथा आपके अनेक षिष्य भी आकाषवाणी के ग्रेड प्राप्त कलाकार हैं।

04 जुलाई 2023 को परंपरागत अपरान्ह मंदिर सभा सायं 5 से 7 बजे तक श्री इमला वाले हनुमान मंदिर में संपन्न होगी। जिसमें बकायन संगीत अखाड़ा के षिष्यगण द्वारा पुरातन बंदिष, गायन-वादन तथा आमंत्रित अतिथि कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके पूर्व गंडाबंधन, प्रसाद वितरण तथा संगीत यात्रा प्रस्थान होगा जो हनुमान मंदिर पहुँचकर संगीत सभा में परिवर्तित होगी। रात्रिकालीन सभा रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें प्रथम संगीतमय रामायण गायन तथा बकायन संगीत अखाड़ा के षिष्यगण द्वारा परंपरागत ध्रुपद, तराना, तिरवट मृदंगाचार्य नाना साहेब पानसे के श्रेष्ठ षिष्य पं. सखाराम पंत आगले के प्रपौत्र, विख्यात पखावज वादक एवं गुरू पं. संजय आगले द्वारा एकल पखावज वादन की प्रस्तुति होगी। इनके साथ सारंगी पर लहरा संगति उस्ताद फारूख लतीफ देंगे जो पिछले 15 वर्षों से सतत् बकायन संगीत समारोह में 'हाजिरी' देने पधार रहे हैं। अगले क्रम में इंदौर से पधारी पूर्वी निमगांवकर का गायन होगा। इनके साथ हारमोनियम पर संगति दिल्ली के पं. देवेन्द्र वर्मा तथा तबला पर संगति हरिसिंह गौर विष्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. राहुल स्वर्णकार करेंगे। तत्पष्चात् इंदौर की आकृति जैन तथा साथियों द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। अंतिम प्रस्तुति मुंबई से पधारीं ख्यात गायिका सुश्री नीलिमा देहाडराय के गायन से होगी, इनके साथ तबला संगति करेंगे उनके जीवनसाथी तथा सुयोग्य तबला वादक पांडुरंग देहाडराय जो अभियांत्रिकी स्नातक तथा एयर इंडिया में अतिरिक्त महाप्रबंधक रहे हैं। हारमोनियम पर संगति पं. देवेन्द्र वर्मा दिल्ली करेंगे।

# शिक्षा की गुणवत्ता को परखने डीपीसी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण





बैरसिया। शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत आज भोपाल जिला परियोजना समन्वयक डां. आर. के. यादव ने फंदा ग्रामीण एवं बैरसिया ब्लाक के लांबाखेड़ा, ईंटखेड़ी, अरवलिया, बीनापुर , बरहाबल, भोजापूरा, नजीराबाद, नीमखेडी सहित एक दर्जन स्कूल एवं दो छात्रावासों का औचिक निरीक्षण कर शालाओं में शिक्षण व्यवस्था एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया। कुछ स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था ठीक ठाक पायी गई वहीं नीमखेडी का प्राथमिक शाला में ताला लगा पाया गया वहीं माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ दोनों शिक्षक बिना सूचना के गायब मिले वहीं गांव की एक महिला बच्चों को शिक्षण कार्य कराती हुई पायी गई। बरहाबल स्कूल के शिक्षिका भी बिना सूचना के लंबे समय से अनुपस्थित पायी गई। उपरोक्त शालाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही करने का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जावेगा। डीपीसी ने जिन शालाओं में शिक्षण व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण पायी गई उन शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया एवं जहां गुणवत्ता में कमी पायी गई उनको शिक्षण व्यवस्था में सुधार करने की चेतावनी दी गयी।

# एचआरडी फोरम की 6 वीं बैठक नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित

**भोपाल।** एचआरडीफोरम मध्य प्रदेश ने अपनी 6 वीं बैठक 29 जून, 2023 को नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित की। नोबल हॉस्पिटल के सीएचआर ओओ सुरेश कुमार ने बैठक में सभी गणमान्य व्यक्तियों सदस्यों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल द्वारा प्रतिभागियों की व्यापक स्वास्थ्य जांच भी बैठक के सदस्यों के लिए की गई है।

एचआरडी फोरम ने औद्योगिक स्वास्थ्य विषय पर समूह चर्चा इस उद्देश्य से आयोजित की कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है और वास्तव में यह सभी उद्योगों और इसके कामकाजी लोगों को प्रभावित करता है। इसमें जोखिम मूल्यांकन, चोट निवारण तंत्र, कार्य-जीवन संतुलन, कार्यस्थल पर सुरक्षित प्रोटोकॉल का पालन करने, उद्योगों के कामकाजी लोगों के सबसे स्वास्थ्य पहलुओं में से एक कार्यस्थल के खतरों और औद्योगिक स्वास्थ्य के प्रति समग्र कर्मचारी प्रबंधन पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई है। और प्रतिभागियों के बीच जानकारी दी है। सदस्यों और प्रतिभागियों के विभिन्न संदेहों को दूर करने के लिए विषय पर प्रश्न और उत्तर सत्र थे। यह एचआरडी फोरम की एक यादगार और सफल बैठक रही है। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर उद्योगों के प्रतिष्ठित लोगों को शामिल किया गया है, जिसके लिए एचआरडी फोरम के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


एचआरडी फोरम ने इस अवसर पर नोबल ग्रुप के चेयरमैन राजीव मिश्रा और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. पद्मा मिश्रा को मंडीदीप और भोपाल के उद्योगों में एक दशको से रोगी देखभाल चिकित्सा सेवाओं में उनकी निरंतर सेवाओं और महामारी कोरोना के दौरान लोगों को असाधारण सेवाओं के लिए सम्मानित किया। लगातार रास्ता अपनाया और आपदा से हजारों लोगों की जान बचाई।बैठक में जन मार्ग एनजीओ अध्यक्ष शैलेश मिश्रा, आईएसटीडी अध्यक्ष आर. जी. द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता जी. के. छिब्बर, , सचिव एस. कुमार,अध्यक्ष राजेश तिवारी, एचआरडी फोरम, म.प्र. और वर्धमान, भास्कर, नाहर, एचईजी, आयशर, एंड्रिट्ज़ हाइड्रो जैसे विभिन्न उद्योगों के मानव संसाधन प्रमुख और प्रबंधक कार्यक्रम में शामिल हुए।


















# उद्योग और व्यापार के लायसेंस का रिन्यूअल अब दस साल के लिए किया जाएगा: चौहान

## फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री का वार्षिक सम्मेलन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रहने देंगे। प्रदेश में उद्योग विकास दर 24 प्रतिशत है। राज्य सरकार हर सेक्टर में उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। व्यापारी और उद्योगपति प्रदेश की समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करें। विकास में निरंतर भागीदारी करते रहें। प्रदेश में बेहतर निवेश और रोजगार की कोशिशें जारी हैं। प्रदेश और देश को व्यापारियों और उद्योगपतियों से बहुत आशाएँ हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उद्योग और व्यापार के लायसेंस का रिन्यूअल अब दस साल के लिए किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भोपाल में फेडरेशन ऑफ एमपी चेम्बर्स ऑफ कामर्स-एण्ड इंडस्ट्रीज के 7वें आउट स्टेंडिंग अवार्ड वितरण और 44 वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों, उद्योगपतियों और संस्थानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. राधाशरण गोस्वामी और बड़ी संख्या में व्यापार और उद्योग से जुड़े नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की जीएसडीपी 71 हजार करोड़ से बढ़ कर 15 लाख करोड़ हो गई है। देश के अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार से बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। प्रदेश का बजट 21 हजार करोड़ से बढ़कर 3 लाख 14 हजार करोड़ हो गया है। कृषि के क्षेत्र में लगातार विकास दर बढ़ने का चमत्कार हुआ है।

कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावॉट से बढ़कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है। चारों तरफ विकास और प्रगति के कार्य हो रहे हैं। रोजगार और कौशल, सिंचाई, शहरों के विकास, पेयजल, पंचायत, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, वन सहित हर क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश को आगे बढ़ाने की अनंत संभावनाओं को पूरा करने में आपका बेहतर योगदान हो। बासमती राइस की सुगंध कनाडा, अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में है। शरबती गेहूँ भी निर्यात होता है। किसानों की आय बढ़ रही है। किसानों के पास पैसा आने से व्यापारी मित्रों का व्यापार चलता है। रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। कृषि विकास का अर्थ उद्योगों का विकास है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। इसके अतिरिक्त युवाओं को रोजगार देने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री सीखो- कमाओ योजना शुरू की है जो अदभुत योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने के सपनों को पूरा करने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्योगपति स्व. रमेश अग्रवाल का स्मरण करते हुए कहा कि वे मध्यप्रदेश के ब्रांड एम्बेस्डर थे।

डॉ. राधाशरण गोस्वामी ने कहा कि फेडरेशन ऑफ एमपी चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंण्डस्ट्री द्वारा व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। विश्व भर में उत्पाद भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान, उद्योगपतियों को लगातार प्रेरित कर रहे हैं। प्रदेश की अर्थ- व्यवस्था बढ़ रही है। फेडरेशन के संरक्षक श्री गिरीश अग्रवाल ने कहा कि उद्योगपतियों को राज्य सरकार साथ लेकर चल रही है। मध्यप्रदेश कृषि के साथ औद्योगीकरण में भी आगे बढ़े और सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बने, इसके प्रयास तेजी से होना चाहिए। इसके साथ ही फेडरेशन समाज में विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान प्रदान करने वाले कुछ लोगों को जूरी अवार्ड प्रदान करता है जिसमें इस वर्ष भी 5 लोगों को सम्मानित किया गया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश की 5 एसोसिएशन को भी फेडरेशन द्वारा सम्मानित किया गया जिन्होंने हमेशा फेडरेशन का सहयोग किया है। फेडरेशन के संरक्षक गिरीश अग्रवाल ने मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के संबंध में अपना उद्बोधन दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान का फेडरेशन की ओर से स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। एजेंडे अनुसार फेडरेशन की 44वीं वार्षिक साधारण सभा शाम 5-30 बजे प्रारंभ हुई और 6-30 पर समाप्त हुई। इसके पश्चात् फेडरेशन का 7वॉ आउटस्टैंडिंग एचीवमेंट अवार्ड कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

अवार्ड कार्यक्रम के विजेताओं को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गिरीश अग्रवाल, डॉ. राधाशरण गोस्वामी, सुरेंद्र सिंह, विजय अग्रवाल, ए. कार्तिकेयन, अशोक पटेल, हिमांशु खरे, अरूण पवांर, विरेन्द्र पोरवाल, कैलाश अग्रवाल, योगेश मेहता, राजीव अग्रवाल, सी.बी. मालपानी, नरेन्द्र सोनी, योगेश गोयल, प्रवीण आचार्य, उत्तम गांगुली, राजेश खरे, विजय गौर, जितेन्द्र गुप्ता, सीपी शमा, देवेन्दर पाल सिंह चावला, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, राजेन्द्र गर्ग, रवि तलरेजा, शांतनु त्रिपाठी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में फेडरेशन के सचिव प्रवीण आचार्य ने आभार व्यक्त किया।







### FMPCCI |th Outstanding Achievement Awards 2023 Final Award List
### Large & Medium Industries.

Category Company Name
1. Large Enterprise of the year.
HEG Ltd., Mandideep
2. Medium Enterprise of the year.
MCW Healthcare, Indore
3. Outstanding Achiever for E&port
Trident Ltd., Bhopal
4. Research & Development Technology Award
Netlink Software Pvt. Ltd., Bhopal
5. Corporate Social Responsibility Award
Prism Johnson Ltd., Satna
6. Corporate Social Responsibility Award
Vardhman Fabrics, Budni
8. Ma&imum Manpower Employment Award
Pratibha Synte& Ltd., Indore
8. Health, Safety and Environment Friendly Enterprise
Tafe Motors & Tractor Ltd., Mandideep

### Small Scale Industries.

Category Company Name
1. Micro Enterprise of the year.
Pickrenew Energy Pvt. Ltd.
2. Small Enterprise of the year.
Energy Green, Bhopal
3. Women Entrepreneur of the year- Small
DECG International, Bhopal
4. Research & New Product Development Award
Linkage Technology, Bhopal
5. Outstanding Achiever for E&port
Akanksha Enterprise, Bhopal
6. Health, Safety and Environment Friendly Enterprise
Shanta Trade&im Pvt. Ltd., Bhopal

### Jury Award

1. Sagar Group (Apollo Sage Hospital)
Most Promising & Trusted Hospital of Central India
2. Bhaskar Industries Pvt. Ltd.
Most Promising Corporate Group
3. Bhel Large Enterprise of the Year PSU
4. Sterling Mechanical Pvt. Ltd.
CSR Award During Covid Pandemic
5. La&mi Bai Mahila Nagrik Sahakari Bank Maryadit
Customer Friendly Fair Trade Practice
6. Mackson Healthcare Ltd.
Global Fastest Growing Industry of MP

### Association Category Award
### Most Active Association in Madhya Pradesh

1. Govindpura Industry Association
2. Association of All Industries Mandideep
3. CAIT, Madhya Pradesh
4. Association of Industry Madhya Pradesh
5. Vindhya Chamber of Commerce & Industry

# विश्व प्रसिद्ध आनंद जादूगर का इटारसी में स्वागत



**इटारसी।** नर्मदांचल कान्यकुब्ज परिवार द्वारा इटाररसी नगर में पधारे विप्र शिरोमणि आनंद अवस्थी ( आनंद जादूगर , )का पूरे सम्मान के साथ समाजद्वारा पुष्प माला से सम्मान किया। सर्व प्रथम हमारे वरिष्ठ अनिरुद्ध शुक्ला द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया। उसके बाद जिला संयोजक शिवाकांत पांडे द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, सचिवकुलभूषण मिश्रा, महिला संयोजिका श्रीमति इंदिरा तिवारी, अध्यक्ष श्रीमति अनुराधा शर्मा जी,सचिव श्रीमति अनिता तिवारी जी, पुरुष, विष्णु शंकर पांडे जी, श्रीकांत तिवारीजी,अजय मिश्रा जी, मुरली मनोहर दीक्षित जी, सुधांशु मिश्रा ,मनोहर तिवारी,अनुपतिवारी,सद्दू शुक्ला, महिला, सुनीता पांडे, रेखामिश्र,रागिनी शुक्ला, शिखा पांडे, बरखा मिश्रा, अंजुला शुक्ला, उमा शुक्ला, साधना मिश्रा ,समाज की बच्चियां शेला पांडे,शरण्या शर्मा ,ने भी स्वागत किया। वही कार्यक्रम का संचालन,कुलभूषण मिश्रा द्वारा संचालित किया गया।

## आईआईएम संबलपुर ने वार्षिक दीक्षांत समारोह में छठे और सातवें बैच के 322 एमबीए स्नातकों को उपाधि से किया सम्मानित

**संबलपुर, एजेंसी।** देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने अपने छठे और सातवें वार्षिक दीक्षांत समारोह का संयुक्त आयोजन किया। छठे ( 2020-22 ) और सातवें बैच ( 2021-23 ) के वार्षिक दीक्षांत समारोह के साथ एक और शैक्षणिक वर्ष सफ्लतापूर्वक पूरा हो गया है। ओडिशा के महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर श्री गणेशी लाल, जेपी मॉर्गन चेज़ लिमिटेड की एमडी डॉ. सुकन्या मिश्रा, आईआईएम संबलपुर के निदेशक मंडल की चेयरमैन और सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरमैन श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य और आईआईएम संबलपुर के निदेशक प्रोफेसर महादेव जायसवाल की मौजूदगी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

## मैं असल ज़िंदगी में भी काफी कुछ आराधना जैसी हूं : शिवांगी जोशी

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले रोमांस ड्रामा बरसातें - मौसम प्यार का की पहली झलक ने दर्शकों के बीच रोमांस की लहरजगा दी है। एक न्यूज़रूम के बैकड्रॉप में रची गई यह लव स्टोरी दोज़िद्दी लोगों के टकराव की कहानी है, जिनमें से एक है रेयांश औरदूसरी है आराधना। दोनों ही खुद को जज़्बातों के भंवर में पाते हैं। एकजबर्दस्त मानसून रोमांस दिखाने जा रहे इस शो को बालाजीटेलीफिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें शिवांगी जोशी उसूलों कीपक्की एक आत्मनिर्भर लड़की आराधना साहनी के रोल में नजरआएंगी। टेलीविजन पर अपने बेहतरीन रोल्स के साथ अपनी छाप छोड़ने वालीदर्शकों की चहेती शिवांगी जोशी आराधना साहनी का रोल निभाने जारही हैं, जो एक उभरती हुई पत्रकार है। नए विचारों और सपनों से भरीरहने वाली आराधना की आंखों में हमेशा एक चमक रहती है।

## एथर एनर्जी ने जून, 2023 में 6479 युनिट बेच कर साल-दर-साल 101 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

### एथर 450 एस इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉंच किया और 60 महीनों के लिए लोन वाला ई-टू-व्हीलर्स इंडस्ट्री में पहला प्रोडक्ट बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का लीडिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर ब्रांड एथर एनर्जी जून, 2023 में अपने प्रोडक्ट की शानदार बिक्री की घोषणा करता है, जिसमें कुल 6,479 युनिट बेची गईं। यह कंपनी के लिए साल-दर-साल 101त्न की अच्छी बढ़ोतरी को दर्शाता है, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर मार्केट में कम्पनी की स्थिति और ज़्यादा मज़बूत हुई है। एथर एनर्जी के क्षेत्र में नया लॉन्च किया गया एथर 450 एस इलेक्ट्रिक स्कूटर सबसे अलग है, जिसे ग्राहकों ने हाथों-हाथ लिया है। 1,29,999 रुपये की आकर्षक कीमत से शुरू होने वाला एथर 450एस परफॉर्मेंस, स्टाइल और मज़बूती का शानदार मेल है, जो इसे पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। उपभोक्ता इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को आसानी से ख़रीद पायें, इसके लिए एथर एनर्जी ने इंडस्ट्री का पहला 60-महीने के लिए लोन वाला प्रोडक्ट पेश करने के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, बजाज फाइनेंस और हीरो फिनकॉर्प जैसे प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी की है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर फाइनांस विकल्प प्रदान करना और देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के ज़्यादा से ज़्यादा उपयोग को बढ़ावा देना है।

## मरेंगो सिम्स अस्पताल ने विविध स्पाइन रोगों के इलाज के लिए समर्पित स्पाइन और न्यूरो सुपर-विशेषज्ञों की सबसे बड़ी टीमों में से एक के साथ स्पाइन क्लिनिक लॉन्च किया

**अहमदाबाद , एजेंसी।** मरेंगो सिम्स अस्पताल, अहमदाबाद हर आयु वर्ग में बढ़ती रीढ़ की समस्याओं के इलाज में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में एक स्पाइन क्लिनिक शुरू कर रहा है। 33 हड्डियाँ जिन्हें वर्टेब्रा भी कहा जाता है, संपूर्ण रीढ़ की हड्डी का निर्माण करती हैं। ये रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं की रक्षा और समर्थन करते हैं। चोटें, गिरना या दुर्घटनाएं, जीवनशैली की आदतें, मुद्राएं और रीढ़ की हड्डी के रोग वर्टेब्रा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और गंभीर दर्द का कारण बन सकते हैं। इससे व्यक्ति की गतिशीलता सीमित हो सकती है और शरीर का आकार और कार्यक्षमता तेजी से बिगड़ सकती है। रीढ़ की हड्डी में असामान्यताएं रीढ़ की सीधी वक्रता को भी प्रभावित कर सकती हैं, जिससे प्राकृतिक वक्र खो जाता है।

## मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन हुआ गतिशील

### ग्रामीण भारत के प्रमुख हितधारक मध्य प्रदेश के गांवों में बीमारी का मुकाबला करने और कम करने के लिए कार्य कर रहे हैं

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री जी के द्वारा 1 जुलाई, 2023 को शुरू किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के लिए, मध्य प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों में अग्रिमपंती स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, महिला समूहों और स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से प्रभावशाली गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। मध्य प्रदेश के शहडोल में आयोजित यह जनजातिय मामलों के मंत्रालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक रिपोर्ट ने सिकल सेल रोग को भारत के आदिवासी स्वास्थ्य में 10 समस्याओं में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया है जिसमें मध्य प्रदेश में सबसे अधिक प्रसार है। अनुमानित 961,492 मध्य प्रदेश निवासियों को सिकल सेल वाहक होने की सूचना है, जबकि 67,861 को सिकल सेल रोग है। सिकल-सेल एनीमिया भ्रूण के विकास के दौरान प्राप्त एनीमिया का एक जन्मजात रूप है। अर्धचंद्राकार लाल रक्त कोशिकाओं और हीमोग्लोबिन के असामान्य रूपी विशेषता, विकार विभिन्न स्वास्थ्य जटिलताओं को जन्म दे सकता है, जिसमें गंभीर दर्द, अंग क्षति और कम जीवन प्रत्याशा के भाग सम्मिलित हैं। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई), एक जमीनी संगठन है जो कि हाशिए पर ग्रामीण समुदायों के सामने आने वाले मुद्दों के समाधान तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मध्य प्रदेश में इस बीमारी के इलाज के प्रबंधन व इसे कम करने और आदिवासी आबादी के स्वास्थ्य में सुधार के लिए सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे है।

## कोल इंडिया पेंशनर की बैठक कल

छिन्दवाड़ा। कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक दिनांक 4 जुलाई दिन मंगलवार को 12 बजे से मध्यप्रदेश पेंशनर्स सदन में शुक्ला ग्राउण्ड के पास , परशुराम वाटिका के सामने छिन्दवाड़ा में रखी गई है । केन्द्रीय आजीवन अध्यक्ष श्री एस.एल.यादव की अध्यक्षता में होगी ,जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारी से संबंधित समस्याओं पर चर्चा होगी। पी.आर.डेहरिया शाखा अध्यक्ष छिन्दवाड़ा एवं शिवपुरी ,न्यूटन व अम्बाड़ा के सभी पदाधिकारीओं ने समस्त जिले के कोल पेंशनरों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

## जैसा करोगे वैसा भरोगे, समाज को मत बरगलाओ: पप्पू यादव

छिंदवाड़ा। कांग्रेस के उप ब्लॉक प्रभारी व यादव महासभा के प्रांतीय सदस्य पप्पू यादव ने कहा कि किसी एक व्यक्ति की गलत नीति और आचरण के लिए समाज जिम्मेदार नहीं होता है यदि शेषराव यादव गलत है तो वे अपनी गलती का खामियाजा खुद भोग रहे हैं। कांग्रेस ने केवल एक बार आईना दिखाया तो ये तिलमिला गये हैं। कांग्रेस ने हमेशा यादव गौली समाज का सम्मान किया। स्व. सुभाष यादव, अरुण यादव, सचिन यादव सहित कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रमुख विभिन्न मुख्य पदों सहित सांसद व विधायक प्रतिनिधि यादव समाज से है। यदि शेषराव सज्जन होते तो इन्हीं के एबीवीपी के कार्यकर्ता इनके स्कूल में धरने पर नहीं बैठते। वैसे भी इनका समाज जानता है कि इन्होंने यादव समाज के उत्थान के लिए कोई भी ठोस काम नहीं किये बल्कि अपनी चमक दिखाते रहे।

## कैलाश चौधरी ने कमलनाथ से संगठन के संबंध में चर्चा की



सौसर। भोपाल निवास में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ से नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने पिपलानारायणवार सेक्टर में पार्टी एवं संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा की और बताया कि पिपलानारायणवार नगर के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता जी जान से पार्टी को मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर आम जनता के बीच जा रहे हैं पार्टी के हर अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी आम जनता को पार्टी की गतिविधि एवं बीते बीते 11 माह के कांग्रेस के सरकार में रहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जिले का कितना विकास किया इस बात को लेकर भी क्षेत्र की आम जनता से कार्यकर्ता रूबरू हो रहे हैं तथा विधानसभा चुनाव में वचन पत्र में दिए गए वादे अनुसार पाच सो रुपए में गैस सिलेंडर रू.100 में 100 यूनिट बिजली माफ 200 यूनिट तक बिजली हाफ किसानों का कर्जा माफ आदि कांग्रेस पार्टी के वादों को लेकर आम मतदाताओं से सतत संपर्क जारी रखने की बात कमलनाथ से की है इस अवसर पर असंगठित कामगार संघ ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कोचे, शैलेंद्र ब्लॉक महामंत्री, किशोर देशमुख, गुलाब मंडोकार आदि उपस्थित थे।

## कॉमन सिविल कोड का आम जन समर्थन करें: दीनदयाल मोहने

छिंदवाड़ा। लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने ने कहा कि वे कामन सिविल कोड का समर्थन करते हैं उन्होने कहा कि कॉमन सिविल कोड से जनसंख्या नियंत्रण होगा एक ही पत्नि होगी दो बच्चे होंगे संयमित आदर्श परिवार होगा श्री मोहने ने आम जनों से अपील की है कि वे देश हित में कॉमन सिविल कोड का समर्थन करें।

## ग्राम मदनपुर एवं जैतपुर में भाजपा ने किया जनसंपर्क



छिंदवाड़ा। ग्रामीण के ग्राम मदनपुर जैतपुर में भाजपा नेता राजू नरोटे, जिला सहकार्यालय मंत्री दिनेशकांत मालवीय, अल्पकालिक विस्तारक रामजी मुंजे एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाजनसंपर्क अभियान कर मोदी सरकार एवं शिवराज सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं के पत्रक वितरित किए इस अवसर पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के शैलेश चौहान, सुशील चौधरी, बलवान पटेल, झलकसिंह पटेल, ब्रज पटेल, रामसिंह पटेल, नारायण पटेल, कन्हैया पटेल, नितेश चौरे, कृष्णा पटेल उमरहर सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## शिक्षक ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने रचा षड्यंत्र

### बब्लू पटेल गांव में थे ही नहीं



चौरई। पूर्व जिला पंचायत व भाजपा नेता बबलू पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 29 जून को विजय(पप्पू)अडमाची जो सोनाखार छिंदवाड़ा का निवासी है और पेशे से शिक्षक है ने आरोप लगाया कि ग्राम हरदुआ में देवी मंदिर में उसे पूजा करने से रोका और उसके साथ मारपीट की, उसके एक साथी के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने आये थे। विजय अडमाची द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है, जिस दिन की घटना है, उस दिन बब्लू पटेल गांव में थे ही नहीं। विजय अडमाची द्वारा भाजपा को बदनाम करने एवं धार्मिक भावनाओं को भड़काने का षड्यन्त्र रचा गया है।

## बलराम तालाब में नहाने गया बालक की डूबने से हुई मौत

अमरवाड़ा। अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम स्करू टोला में एक बच्चे के तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने की खबर फैलते ही गांव में सन्नाटा छा गया बताया जाता है कि रविवार की दोपहर 1 बजे करीब प्रवीण वर्मा पिता जीत लाल वर्मा उम्र 13 वर्ष निवासी सकरु टोला जिसे इस वर्ष कक्षा सातवीं में प्रवेश लिया था अपने हम उम्र के लड़कों के साथ बलराम तालाब में नहाने गया था प्रवीण पानी में डूब गया जिसे बाहर निकालने के लिए साथ में गए बच्चों ने जोर-जोर से आवाज लगाकर खेत में काम कर रहे किसानों को बुलाया जिन्होंने आकर तालाब से प्रवीण को बाहर निकाला तब तक प्रवीण की पानी में डूबने से मौत हो गई ।

# सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के अंदर हो सुनिश्चित: कलेक्टर श्रीमती पटले



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजस्व प्रकरणों में नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा, खसरा शुध्दिकरण, पीएम/सीएम किसान सम्मान निधि के कार्य, न्यायपालिका व शासकीय विभागों को भूमि आवंटन, आबादी सर्वेक्षण, आवासीय भू-अधिकार योजना, धारणाधिकार और राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर अनुविभाग एवं तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की गई तथा राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । बैठक में एडीएम श्री ओ.पी. सनोडिया, सभी सात अनुविभागों के एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा व श्री सुधीर जैन, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अनुविभागवार राजस्व प्रकरणों के पंजीयन और निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व प्रकरण 6 माह से ऊपर लंबित नहीं रहे। अगली बैठक तक निराकरण का प्रतिशत 85 के ऊपर ले जाने का प्रयास करें। बंटवारा, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण उनके लिए निर्धारित समय सीमा के अंदर और पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित हो। सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण भी विधिवत तौर पर सुनिश्चित कराएं। सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में जिले में अच्छा काम हुआ है। पुराना बैकलॉग लगभग समाप्त हो चुका है। नए प्रकरण भी तत्काल निराकृत होते जाएं। उन्होंने भू-राजस्व एवं अन्य सभी मदों में वसूली की मदवार समीक्षा करते हुए वसूली की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वसूली का कार्य रेवेन्यू अकाउंटिंग सिस्टम के माध्यम से कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा भू-अभिलेख नक्शा, खसरा शुध्दिकरण के अंतर्गत कुल त्रुटि सुधार की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देखी गई। उन्होंने तहसील मोहखेड़ में अच्छी प्रगति पर सराहना की और अन्य तहसीलों को भी अगली बैठक तक अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि एवं सीएम किसान कल्याण योजना के पात्र सभी हितग्राहियों का 95 प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूर्ण होने पर बधाई दी और शेष 5 प्रतिशत कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए । स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी सर्वेक्षण के कार्यों की समीक्षा की गई और ग्राउंड टूथिंग का कार्य गति के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## विज्ञान वाटिका के 9 वें पुष्प का हुआ विमोचन



छिन्दवाड़ा। सकल जैन समाज को स्वाध्याय की प्रेरणा देकर जिनागम का अध्ययन कराने के मुख्य उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विज्ञान वाटिका का सुंदर आयोजन कर रहा है।फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं प्रतियोगिता के प्रचार प्रमुख दीपकराज जैन ने बताया की इस वर्ष तीर्थधाम चिदायतन हस्तिनापुर के साथ मिलकर फेडरेशन ने विज्ञान वाटिका का नौवां पुष्प सकल जैन समाज को समर्पित किया है जो कि जिनेन्द्र पूजन एवं स्तुति साहित्य पर आधारित पूर्णतः निःशुक्ल रखी गई है। जिसमे सकल जैन समाज के श्रावक - श्राविकाएँ सभी हिस्सा लें सकते हैं। वहीं विज्ञान वाटिका के नौवें पुष्प के द्वितीय संस्करण का विमोचन श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में पण्डितश्री रजनीभाई दोशी हिम्मतनगर एवं पं. अशोककुमार जैन उज्जैन के हस्ते रमेश सिंघई, डॉ. के. सी. जैन, अशोक वैभव, प्रकाश अहिंसा, गोविंद जैन, ऋषभ शास्त्री, दीपकराज जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, वर्षा पाटनी, ऊषाकिरण जैन, सरिता जैन सहित मंडल एवं फेडरेशन के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। सफल आयोजन की सराहना करते हुए रजनीभाई दोशी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को पूजन स्तुति से जोड़ने हेतु यह सार्थक एवं सराहनीय प्रयास है, उन्होंने फेडरेशन के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा कर आयोजकों को साधूवाद दिया।

## नगर पालिका ने 9 हजार हितग्राहियों को बांटे आयुष्मान कार्ड



परासिया। नगर पालिका परासिया ने एक कार्यक्रम में लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये। नगर पालिका क्षेत्र में नौ हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। जिनमे से कई लोगों को आज कार्ड प्रदान किये गये। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि आर्थिक अभाव में बिना इलाज के मौत को खत्म करने वाली योजना है आयुष्मान भारत।इस योजना से उपचार के लिये अब किसी के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। सीधे निजी अस्पताल में भर्ती होकर पांच साल रुपये सालाना निशुल्क उपचार की सुविधा आयुष्मान् कार्ड देती है। उन्होंने कहां कि क्या किसी न सोचा था कि महिलाओं को एक हजार रुपये हर महीने मिलेंगे। निशुल्क पक्का मकान मिलेगा और पांच लाख का इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ये सब योजनाएं लेकर आई है।पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने कहा कि भाजपा की सरकार सीधे नागरिकों को सुविधा देने वाली योजनाएं लेकर आती है। अटल जी ने गांव को सड़कों से जोड़ा, मोदी जी ने लोगों को मकान और मुफ्त इलाज दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने महिलाओं को इज्ज़त, सम्मान और सुविधा दी।कार्यक्रम में पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया,भाजपा जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, अरुण कपूर, सीएमओ दिनेश वाघमारे,बीएमओ एके सेन, नपा उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, बीपीएम अनूप साहू, राकेश चौहान, गणेश देशमुख उपस्थित रहे।

## सेवा निवृति पर सीनियर मैनेजर बलराम जसूजा ने पौधे लगाये एवं रामायण बांटी



छिंदवाड़ा। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के चीफ मैनेजर बलराम जसूजा 30 जून को सेवा निवृत हो गये, उनकी बैंक द्वारा शानदार विदाई दी गई, पर्यावरण प्रेमी, धर्म प्रेमी, दिलखुश मिजाज बलराम जसूजा ने 60 वर्ष की उम्र होने पर जेल परिसर में 60 पौधे लगाये, अपने मित्रों व एकल अभियान के व्यास कथाकारो को रामायण एवं सुन्दर काण्ड भेंट किया, विदाई समारोह बैंक के अलावा उनके बैतूल, छिंदवाड़ा के मित्रों ने भी उन्हें विदाई दी, विदाई समारोह में परिवार एवं रिस्तेदार भी शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिजनरल मैनेजर श्री गोयल उपस्थिति थे, उन्होने श्री जसूजा के कार्यकाल की प्रशंसा की और कहा कि वे बेदाग छबि लेकर सेवानिवृत हुये, श्री जसूजा ने अपने सेवा काल के अनुभव सुनाये और कहा कि परिस्थितियों के अनुसार हमेशा निर्णय लेना चाहिये। उन्होने अपने मित्रों से कहा कि वे हमेशा स्वस्थ्य रहे मस्त रहे और व्यस्त रहे वे जन परिषद से भी जुड़े है। जनपरिषद बहुत से मित्र कार्यक्रम में शामिल हुये।

## स्वच्छता सेवा है, हमारी, गंदगी जानलेवा है बीमारी

### हर नागरिक का हो यह सपना, स्वच्छ रहे भारत अपना



परासिया। पेंच एरिया कोयलांचल क्षेत्र के महाप्रबंधक निर्मल कुमार साहब के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में हुआ। जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह कार्यक्रम को नुक्कड़ नाटक के सभी सदस्यों को एवं केंद्रीय विद्यालय बड़कुही में आयोजित निबंध, चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भेंट करते हुए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त में महाप्रबंधक कार्यालय का नाम समिल हुआ,जिसमें सभी अधिकारियों कर्मचारियों को प्लास्टिक की बॉटल आज से ही बंद करने का आवाहन किया गया और सभी को कांच का बॉटल भेंट किया गया जिसमें महाप्रबंधक कार्यालय नो प्लास्टिक जोन बना। महाप्रबंधक कार्यालय क्षेत्र से सेवानिवृत्त हो रहे राजेंद्र विश्वकर्मा जी व दीपक जी का भावभीनी विदाई पुष्प गुच्छ से सम्मान करते हुए भेंट स्वरूप सूटकेस एवं मिठाई भेंट किया गया तथा अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं सभी श्रम संगठनों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई एवं स्वच्छता पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में सभी अधिकारियों कर्मचारियों को पौधे भेंट करते हुए स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सभी को स्वल्पाहार के डिब्बे भेंट किए गए। स्वच्छता सप्ताह समापन कार्यक्रम में डी एन यादव सर पर्यावरण अधिकारी पी सुब्रह्मण्यम सर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक तरुण दुबे सर क्षेत्रीय नोडल ऑफीसर गुनि पी सी सोनी सर वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक एम डी मजगौरी साहब क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एस के डेहरिया सर कार्मिक प्रबंधक कल्याण प्रशासन, शुभम दुबे सर प्रबंधक प्रणाली एवं बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## महापौर ने वार्डवासियों की समस्या त्वरित निराकरण निर्देश किया



छिंदवाड़ा। परिवार जनों की सेवा करने के लिए सदैव समर्पित महापौर विक्रम अहके प्रतिदिन किसी ना किसी रूप से परिवारजनों के बीच पहुंच रहे है एवं उनके सुख:दुख एवं प्रत्येक धार्मिक कार्यों में भागीदार बन रहे है इसी का परिणाम हैं की छिन्दवाड़ा की जनता का अपार प्रेम एवम् आशिर्वाद महापौर विक्रम अहके जी को मिल रहा है महापौर विक्रम अहके जी का कहना है की इसी प्रेम एवम् आशिर्वाद के फलस्वरूप मुझे छिन्दवाड़ा की जनता की करने के लिए ताकत एवम् ऊर्जा मिलती हैं इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 35 सर्रा के उटा ढाना में आयोजित हरिनाम सप्ता के कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा महापौर विक्रम अहके जी ने पहुंचकर पूजा अर्चन किया एवम् प्रसाद ग्रहण कर स्थानीय महिलाओ एवम् वार्डवासियों की समस्या यथास्थान पर जाकर सुना एवम् त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जहां वार्डवासियों द्वारा महापौर जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय पार्षद एवं विद्युत विभाग सभापति श्रद्धा बबला पटेल,पार्षद पति मनोज कुशवाह, केशशिल्पी जिला अध्यक्ष अमित सरेठा साथ ही वार्ड के समस्त बुजुर्गगण माताएं-बहने एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## गुरूपूर्णिमा आज




## आरोग्य हॉस्पिटल ने किया डॉक्टरों का सम्मान



छिंदवाड़ा। एक प्रकार से इंसानों को दूसरी जिंदगी प्रदान करने का काम करते हैं डॉक्टर। इसीलिए इनको सम्मान प्रदान करने के लिए हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इसी क्रम में परासिया रोड स्थित आरोग्य हेल्थकेयर द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया। जानकारी देते हुए डारेक्टर दीपक खंडेलवाल ने बताया कि नेशनल डॉक्टर डे के उपलक्ष्य में अस्पताल में आज स्टाफ के सभी डॉक्टरों,आरएमओ, एवम नर्सिंग स्टाफ़ का सम्मान किया गया। साथ ही श्री खंडेलवाल ने कहा कि यह दिन डॉक्टरों को सम्मानित करने और उनके योगदान को मान्यता देने का अवसर है। यह दिन डॉक्टरों की मेहनत, संघर्ष और उनकी सेवाओं की प्रशंसा करने का मौका प्रदान करता है।इस अवसर आरोग्य मल्टी केअर हॉस्पिटल में कामठी मोटर्स और सुनील आटोमोटिव्स द्वारा भी डॉक्टरों को सम्मानित किया।जंहा सभी डॉक्टर, हॉस्पिटल स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

## चाकू चमकाते दो धराए

अमरवाड़ा। बस स्टैंड के पास दीपक एवं विकास नामक युवक लोहे का चाकू लेकर लोगों को डराने चमकाने का कार्य कर रहे थे जिसे इस बात की सूचना नागरिकों द्वारा थाना मैं देने पर उपनिरीक्षक दीपक ठाकुर एवं सहायक उपनिरीक्षक के के बघेल ने स्टाफ तथा नागरिकों की मदद से दोनों युवकों को धर दबोच युवकों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## वार्डवासियों की तत्काल समस्या का हल कर रहे संदीप



छिंदवाड़ा। वार्ड क्रमांक 42 के उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद से भाजपा के पार्षद संदीप चौहान वार्डवासियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे हैं जिससे वार्डवासियों में संदीप की कार्यप्रणाली से खुश हैं। उन्होने चुनाव के दौरान जो वादा किया था कि वे पूरा कर रहे हैं। उन्होने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर काम कराना शुरू कर दिया है ताकि वार्ड के लोगों परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होने जेल बगीचे के नाले की सफाई सामने खड़े होकर कराई।

## फ्यूल कास्ट के नाम पर उपभोक्ताओं को लूट रही बिजली कंपनी



छिंदवाड़ा। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा फ्यूल कास्ट के नाम पर हर महीने बिजली के दाम तय किए जाने का अधिकार बिजली कंपनियों को देने के कारण बिजली कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं से बिजली बिलों के माध्यम से जमकर लूट की जा रही है उक्त आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि दाम तय करने के अधिकार मिलते ही बिजली कंपनियों द्वारा लगातार बढ़ा चढ़ाकर बिजली के बिल दिए जा रहे हैं। जिसके कारण मध्य प्रदेश की आम जनता शोषण का शिकार हो रही है। बिजली कंपनियों के द्वारा फ्यूल सरचार्ज एफ पी पी ए एस बढ़ाकर पूरे प्रदेश में मई महीने के बिजली के बिलों में 8.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, इसी प्रकार जून महीने के बिजली के बिलों में 6.16 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। कुल मिलाकर भाजपा की सरकार बिजली उपभोक्ताओं को लूटने में लगी है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा एफपीपी ए एस की राशि जोड़कर बिजली उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है और आज बढ़ते बिजली बिलों के कारण मध्य प्रदेश की जनता को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली देने वाली कमलनाथ की सरकार की याद आ रही है।

# अब महानगरों का रुख करने की जरूरत नहीं

## विवांता हॉस्पिटल में संपूर्ण हृदय रोग विभाग का पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने किया शुभारंभ





छिंदवाड़ा। जिले का सबसे आधुनिक विवांता क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सफलता का एक और कदम बढ़ाते हुए संपूर्ण हृदय रोग विभाग यानि कैथ लैब की शुरुआत रविवार को हुई... पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने कैथ लैब का उद्घाटन किया इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों और डॉक्टर्स ने मौजूदगी दर्ज कराकर शुभकामनाएं दी।पत्रकार वार्ता में शहर के परासिया रोड स्थित विवांता हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ.श्रद्धा शर्मा, निदेशक बलराम मेघानी एवं पंकज शर्मा ने बताया कि विवांता की ओर से छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों के लोगों को मिलने जा रही हृदय रोग निदान सेवा के लिए हमारा मूल वाक्य है सिर्फ बेहतरीन पर यकीन उन्होंने दावा किया कि विवांता क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल की कैथ लैब संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र की सबसे आधुनिक कैथ लैब है.. हृदय रोगी के इलाज में तीन चीजें मायने रखती है प्रथम सर्वश्रेष्ठ मशीन, द्वितीय उसे ऑपरेट करने वाले और तीसरा बेहतरीन सेवा देने वाले। विवांता मे तीनों सुविधाएं उपलब्ध हैं..

### हास्पिटल में 10 कैथ लैब मशीन

उन्होंने बताया कि विवांता के कार्डियोलॉजी विभाग में एलेंजर्स की विश्वस्तरीय अत्याधुनिक -10 कैथ लैब मशीन है जो संपूर्ण महाकौशल की सबसे एडवांस मशीन है। इसके अलावा सेवायें देने जा रहे विवांता के हृदय रोग विशेषज्ञों मे दो डॉक्टर्स डी.एम कार्डियोलॉजी गोल्ड मेडलिस्ट हैं,जबकि दो डॉक्टर्स डी.एन.बी कॉर्डियोलॉजी हैं। विवांता हॉस्पिटल के पास पहले से ही प्रुव्ड और प्रशिक्षित स्टाफ और कुशल प्रबंधन है जिसने पिछले एक वर्ष में 15000 मरीजों का सफल इलाज किया है।

### अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देंगे

विवांता हॉस्पिटल के नए प्रारंभ होने जा रहे हृदय रोग विभाग में बेहद अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देंगे।इनमें से डॉ. क्षितिज दोधे प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से डीएम कॉर्डियोलॉजी मे गोल्ड मेडलिस्ट हैं और राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ लखनऊ में सीनियर रेजिडेंट इन कार्डियोलॉजी रहे हैं।



आज पूर्णिमा है और कल से श्रावण मास प्रारंभ हो रहा है। सोमवार को भोपाल के समीप स्थित ऐतिहासिक भोजपुर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# प्रधानमंत्री मोदी की परीक्षा में मुख्यमंत्री शिवराज अच्छे नम्बरों से पास

**भोपाल।** अपनी बची हुई यात्रा को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिन के लिए मध्यप्रदेश प्रवास पर आये थे। उन्होंने शहडोल के आदिवासियों के बीच जाकर कई कार्यक्रम किये और कुछ घोषणाएं की। सिकल सेल एनीमिया के उनमूलन के लिए कार्यक्रम महत्वपूर्ण था। सभी भी हुई। यह आम बात है। जब भी कोई बड़ा नेता आता है तब सभा तो होती ही है। लेकिन शहडोल से राजनीति के नये अध्याय की शुरूआत हुई है। प्रधानमंत्री ने यहां आदिवासियों के बीच जाकर बात की और उनसे सवाल पूछे ये सवाल किसी भी राज्य सरकार की सांस रोकने के लिए पर्याप्त आधार हैं। लेकिन वहां के लोगों ने प्रधानमंत्री के सामने जिस प्रकार के जवाब दिये उससे लगता है कि पेसा जैसी योजना जमीन पर उतरी है। आदिवासी वर्ग समझदारी से सामना करने की स्थिति आ गया है। यह भी कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस परीक्षा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अच्छे नम्बरों से पास हो गये हैं। यह किसी भी मुख्यमंत्री के लिए बड़ी बात होती है।

शहडोल का आयोजन वैसे तो सुर्खियां बन ही गया। जब प्रधानमी ने अपनी गारंटी की तारीफ की और विरोधियों के द्वारा दी जाने वाली गारंटी को बकवास बताया। पूरे देश के मीडिया तंत्र ने इस पर बड़ी खबर बनाई। लेकिन मीडिया के कम ही हिस्सों में प्रधानमंत्री की नई राजनीतिक शैली की चर्चा हुई। पहले आयोजन एक चारपाई पर बैठकर होना था। आयोजन में व्यवस्था भी थी। एक माइक प्रधानमंत्री को दिया गया जिसमें लम्बी तार लगी थी। इसका मतलब यह हुआ कि उन्हें एक ही स्थान पर बैठकर आयोजन पूरा करना है। लेकिन प्रधानमंत्री ने तरीका बदल दिया। वायरलैस माइक बुलवाया और सहभागियों के बीच में चले गये। सजधज की बैठे आदिवासी पुरूष और महिलाएं इस सारे घटनाक्रम से कितने प्रभावित हुए पता नहीं लेकिन मुख्यमंत्री सहित प्रदेश सरकार का अमला सकते में आ गया। अब प्रधानमंत्री वन टू वन करने लगे और वहां सहभागियों से सवाल पूछने लगे। जिस प्रकार के जवाब आये उससे यह माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री के सामने वे ही



लोग आये जिनको अपने क्षेत्र का पूरा ज्ञान था। यह तो लग नहीं रहा था कि डुप्लीकेट व्यक्ति बैठाये गये होंगे। वे तो जरूर किसी न किसी सवाल पर उलझ जाते। लेकिन जिन लोगों ने सवाल के उत्तर दिये उन्होंने तो कमाल ही कर दिया। प्रधानमंत्री भी चकित थे। एक महिला ने कहा कि चार लाख से अधिक की आय हमारे परिवार को होती है तब प्रधानमंत्री ने कहा कि जरा जोर से बोले आयकर वाले सुन लें। मतलब प्रधानमंत्री कहना चाहते हैं कि अब ग्रामीण अंचलों के लोग भी आयकर दाता बनने की स्थिति तक आ गये। अब देश में आयकर दाताओं की संख्या ग्रामीण अंचलों से निकलने वाली है।

यह किसी भी सरकार के लिए उपलब्धी से कम नहीं है कि उसके यहां प्रधानमंत्री को सन्तुष्ट करने वाले जवाब मिलें। योजनाओं की सफलता की कहानी खुद ही लोग कहने लग जायें। जवाब में डर नहीं आत्म विश्वास हो। शहडोल से प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश के बारे में नया लेकर गये हैं। यहां से नई राजनीतिक शैली का जन्म हुआ है। इसे डबल इंजन की सरकार कहते हैं। क्या प्रधानमंत्री किसी अन्य दल की सरकार वाले राज्य में इस प्रकार का आयोजन कर सकते हैं? बिलकुल नहीं कर सकते हैं। इसलिए विकास की बराबरी नहीं हो सकती है। शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। लेकिन जिस प्रकार की परीक्षा प्रधानमंत्री के द्वारा ली गई है यह भी अपने आप में विचित्र और अप्रत्याशित है। लेकिन प्रधानमंत्री को लगा होगा कि शिवराज सिंह चौहान भी एक अनोखा मुख्यमंत्री है जिसके राज्य में योजनाओं का क्रियान्वयन इतना नीचे तक जाकर हो रहा है। सफलता का प्रतिशत भी इस लेवल का है।

इसलिए आने वाले समय में शिवराज की राजनीतिक योग्यता का अन्य भाजपा शासित राज्यों में किस प्रकार का लाभ लिया जायेगा यह देखने वाली बात होगी। शिवराज ने मोदी की परीक्षा में अव्वल नम्बर से पास की है।



बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार कांग्रेस सरकार जी हां एक समय पर भारतीय जनता पार्टी को महंगाई डायन लगती थी आज उनकी डार्लिंग हो गई है उसी पर समस्त प्रवक्ता और पदाधिकारी गणों में सब्जी मंडी से टमाटर मिर्ची धनिया अदरक एक ब्रीफकेस में खरीद कर ताले में बंदूक के साए में लाकर उसको तिजोरी में बंद किया।

# मुरैना में बाल संप्रेक्षण गृह से 8 किशोर फरार, हत्या और रेप में बंद थे

**मुरैना।** मुरैना के बाल संप्रेक्षण गृह से आठ किशोर रविवार शाम फरार हो गए। किशोर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में पकड़े जाने पर यहां बंद थे। भागे हुए किशोर मुरैना, भिंड और श्योपुर जिलों के हैं। संप्रेक्षण गृह में बंद 12 किशोरों में 8 भाग गए हैं। किशोरों ने बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर निकलने के लिए लोहे के नुकीले पाइप से बाथरूम की खिड़की को तोड़कर डेढ़ फीट चौड़ा होल किया। इसके बाद बाथरूम में बाल्टी के ऊपर ईंट रखकर 8 अपचारी



बालक वहां चले गए। इन किशोरों ने रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से? 12 बजे के बीच लंच किया और गार्ड उन्हें दोपहर 1.30 बजे चेक करके भी आया। रविवार के अवकाश का लाभ उठाकर अपचारी किशोरों ने संप्रेक्षण गृह से बाहर निकलने का प्लान बनाया और वहां से चले गए। रविवार को संप्रेक्षण गृह में अपचारी किशोरों की देखभाल के लिए हाउस मास्टर उमेश यादव, लेखापाल बाबू राजेंद्र नागर, भृत्य अविनाश शर्मा समेत अधीक्षक ब्रजराज शर्मा की ड्यूटी थी। साप्ताहिक अवकाश के कारण घटना के समय संप्रेक्षण गृह में कोई मौजूद नहीं था। सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सशस्त्र बल के चार जवान भी अपनी ड्यूटी में फिसड्डी साबित हुए।

# दबंगों ने पद्मश्री जोधइया के मकान का काम रुकवाया, पीएम मोदी से गुहार के बाद मंजूर हुआ था आवास

**उमरिया।** उमरिया जिले में रहने वाली पद्मश्री जोधइया अम्मा के मकान निर्माण का दबंगों ने विरोध किया। उन्होंने अम्मा के घर पहुंचकर गालियां दीं। उनके बेटों से मारपीट कर मकान का काम रुकवा दिया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उमरिया कोतवाली थाना के लोढ़ा में रहने वाली चित्रकार पद्मश्री जोधइया बैगा अम्मा ने आवास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई थी। जब मकान का काम शुरू हुआ तो दबंग उनको परेशान करने लगे। उन्होंने अम्मा के बेटों के साथ गाली-गलौज कर दी। जिस जमीन पर जोधइया बैगा का आवास बन रहा है, दबंग उसे अपनी बता रहे हैं। मामले की जानकारी लगने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी जितेंद्र सिंह सोलंकी, मृगेंद्र सिंह, संजू यादव सहित एक और पर केस दर्ज किया है। जोधइया अम्मा ने बताया कि आरोपी रात में आकर गाली-गलौज करते हैं। धमकी देते हैं कि हमने कलेक्टर और एसपी के यहां शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। हमें साहब ने घर बनाने के लिए बोला है। एसएचओ नागेंद्र सिंह ने बताया कि जीतेंद्र सिंह सोलंकी और अन्य लोग जोधइया बाई की जमीन पर कब्जा कर रहे थे। इनके परिवार के साथ मारपीट की घटना भी हुई थी। इसको लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। चारों को जमानत पर रिहा किया गया है।



**प्रधानमंत्री मोदी से मांगा था आवास–** अम्मा ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अपने मकान की समस्या बताई थी। प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने को लेकर भी पीएम से चर्चा की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने लगातार राज्य सरकार को पत्राचार किया। राजभवन से मकान निर्माण के लिए राशि प्राप्त हुई है।

# इंदौर में रेट जोन में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का नगर निगम के सामने प्रदर्शन, लाठी भांजी, वाटर कैनन चली

**इंदौर।** नगर निगम द्वारा किए गए रेट जोन में बदलाव के खिलाफ कांग्रेस ने दोपहर को निगम मुख्यालय पर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस और प्रशासन को लाठियां भांजनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों को तीतर-बितर करने के लिए वाटर कैनन के उपयोग करना पड़ा। इसमें एक-दो प्रदर्शनकारियों को चोटें भी लगी।

इंदौर नगर निगम के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन, रोकने के लिए पुलिस ने चलाई वाटर कैनन, लाठियां भी चलाई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक संजय शुक्ला, जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे सहित सभी कांग्रेसी पार्षद व कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।



शुक्ला व पटवारी ने निगम गेट के बाहर लगे बैरिकेट पर बैठकर भाषण दिया।

प्रदर्शनकारियों को तीतर-बितर करने के लिए वाटर कैनन के उपयोग करना पड़ा। इसमें एक-दो प्रदर्शनकारियों को चोटें भी लगीइस दौरान महापौर व नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी होती रही। कांग्रेसी महापौर पुष्यमित्र भार्गव को रेट कम करने के लिए ज्ञापन सौंपने के लिए बुला रहे थे, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। इस दौरान अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अपर आयुक्त सिद्धेश जैन ने ज्ञापन लिया। करीब डेढ़ घंटे तक कांग्रेस का यह प्रदर्शन जारी रहा।

# भोपाल से चलने वाली दोनों का होगा विस्तार, ग्वालियर-खजुराहो, इंदौर व नागपुर तक जा सकती है



**भोपाल।** वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल के रास्ते खजुराहो, ग्वालियर व नागपुर में से किसी एक शहर के बीच चल सकती है। इन शहरों के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस नहीं चलाई जाएगी, बल्कि इंदौर से भोपाल के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ही इन तीनों शहरों में से किसी एक शहर के बीच चलाया जाएगा। वहीं जबलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ाया जा सकता है। यह विस्तार अगस्त के अंत तक हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन दोनों ही वंदे भारत एक्सप्रेस को 27 जून को आरकेएमपी से हरी झंडी दिखाई थी। ये दोनों ही ट्रेनें जबलपुर व इंदौर से चलकर सुबह भोपाल व आरकेएमपी पहुंचती है और यहां पूरे दिन इनके रैक खड़े रहते हैं। इन ट्रेनों के विस्तार से रेल यात्रियों को फायदा होगा।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि फिलहाल वंदे भारत एक्सप्रेस सीमित रेल मार्गों पर चलाई जा रही हैं। रेलवे की मंशा है कि इस ट्रेन से ज्यादा से ज्यादा शहरों को जोड़ा जाए। इन ट्रेनों के लिए रैक के उत्पादन की गति तो बढ़ाई है लेकिन जितनी मांग है उस अनुरूप रैक बनाने में समय लगना स्वभाविक है। ऐसे में जो रैक वर्तमान में पटरी पर हैं उन्हीं का शत-प्रतिशत उपयोग कर ज्यादा से ज्यादा शहरों को तेज गति वाली ट्रेनों से जोड़ रहे हैं। ऐसे में भोपाल व आरकेएमपी में पूरे दिन खड़े रहने वाली दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस के रैको का उपयोग करने की रणनीति बना रहे हैं।

## दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस का इसलिए हो सकता है विस्तार

भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस (20912) भोपाल से शाम 7.25 बजे चलकर रात 10.30 बजे इंदौर पहुंचती है। इंदौर-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस (20911) इंदौर से सुबह 6.30 बजे चलकर सुबह 9.35 बजे भोपाल पहुंचती है। इस तरह यह रैक करीब 10 घंटे भोपाल में खड़ा रहता है। इस रैक को खजुराहो, ग्वालियर व नागपुर तक बढ़ाने में इसलिए दिक्कत नहीं है क्योंकि राजधानी, दुरंतो जैसी तेज गति वाली भोपाल से नागपुर पहुंचने में अधिकतम छह घंटे, वंदे भारत व राजधानी एक्सप्रेस ग्वालियर पहुंचने में अधिकतम चार घंटे और भोपाल- खजुराहो महामना एक्सप्रेस खजुराहो पहुंचने में अधिकतम 6.25 घंटे ले रही है। ऐसे में इंदौर से 3.06 घंटे में भोपाल पहुंचने वाली उक्त वंदे भारत एक्सप्रेस को आसानी से नागपुर, ग्वालियर व खजुराहो के बीच चलाया जा सकता है। रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (20173) रानी कमलापति स्टेशन से शाम सात बजे चलकर रात 11.35 बजे जबलपुर पहुंचती है। जबकि जबलपुर-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस (20174) सुबह छह बजे जबलपुर से चलकर, सुबह 10.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचती है। इस तरह इस ट्रेन का रैक करीब आठ घंटे आरकेएमपी में खड़ा रहता है। ऐसे में इस रैक को इंदौर तक तक बढ़ाने में इसलिए दिक्कत नहीं है क्योंकि वर्तमान में जो वंदे भारत एक्सप्रेस इंदौर-भोपाल के बीच चल रही है वह 3.06 घंटे ले रही है। अब यदि जबलपुर से यह ट्रेन भोपाल के रास्ते चलकर आठ घंटे में सभी स्टेशनों पर ठहराव को मिलाकर करीब दो बजे इंदौर पहुंच जाएगी। यह ट्रेन यहां से एक घंटे के ठहराव के बाद यहां से दोपहर तीन बजे चली तो आठ घंटे में रात 11 बजे जबलपुर पहुंच सकती है।

# मप्र एनएसयूआइ में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति, भोपाल में अक्षय और इंदौर में रजत पर भरोसा

भोपाल। मध्य प्रदेश एनएसयूआइ ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की और सभी 52 जिलों के अध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी है। भोपाल में अक्षय तोमर, इंदौर में रजत पटेल, ग्वालियर में पवन शर्मा व जबलपुर में सचिन रजक को कमान सौंपी गई है। जिला अध्यक्षों की लिस्ट पहले 16 मई को जारी हुई थी और बाद 18 मई को इस पर रोक लगा दी गई थी। अब इसे फिर से जारी कर दिया गया है। यह सूची एनएसयूआइ के राष्ट्रीय सचिव व मप्र व दिल्ली के प्रभारी नीतीश गौर ने जारी की है।

# वर्षा के दौरान बिजली आपूर्ति अवरूद्ध होने पर वाट्सएप चेटबोट और 1912 पर करें संपर्क

**भोपाल।** वर्षा का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में कभी भी बिजली गुल हो जाती है तो इस दौरान उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप चैबोट या फिर 1912 पर संपर्क करने के लिए बिजली कंपनी ने अपील की है। साथ ही यह भी बताया कि घर में लगे एमसीबी (मिनियेचर सर्किट ब्रेकर) स्वीच जरूर लगाना चाहिए, जिससे घर की बिजली प्रवाह में कोई गड़बड़ी होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है और जानमाल की हानि को टाला जा सकता है।

घर में अर्थिंग होना चाहिए समय-समय पर जांच करना चाहिए। बिजली उपकरण अथवा वायरिंग गीली जगह पर नहीं होना चाहिए। इसे सुरक्षित होना चाहिए। बिजली के खंबों से पशुओं को नहीं बांधना चाहिए।टूटे हुए बिजली के तारों को हाथ न लगाएं, तत्काल बिजली कंपनी को सूचित करें। भैंसों के तबेलों के आसपास बिजली आपूर्ति के वायरिंग न हों इसका भी ध्यान रखें। बिजली आपूर्ति अवरूद्ध होने पर 5 से 10 मिनिट रूककर ही वाट्सएप चेटबोट उपाय, एप अथवा बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें।

विद्युत वितरण कंपनियों ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली कंपनी या बिजली के लाइन कर्मचारियों को दोष देने से बचें और विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली की आपूर्ति बहाल करने किए जा रहे सुधार कार्य में सहयोग करें।आंधी-तूफान और वर्षा के मौसम की शुरूआत में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध (लोकल फाल्ट) होने की घटना ज्यादा होती है। उपभोक्ता बिजली कंपनी पर अपना गुस्सा उतारता है, लेकिन बिजली गुल क्यों हुई, इसका जवाब कोई नहीं खोजता। देर रात बिजली गुल होने के कुछ देर बाद आ जाती है। वैसे तो आधुनिकीकरण की दिशा में काम चल रहे हैं फिर भी बिजली की ओवर हेड लाइन का जाल ऐसा है कि उसे चालू अथवा बंद रखने के लिए लाइनकर्मी की ही जरूरत होती है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी. विवाद में करीब 10 लोग हुए घायल

**सीहोर।** रेहटी थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर में जमीन पर बोवनी को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। विवाद में दोनो पक्षों में जमकर हथियार चले. जानकारी के मुताबित यादव समाज से सात लोग घायल हुए एवं अनुसूचित जनजाति समाज से चार लोग घायल बताएं जा रहे है. विवाद की सूचना मिलने पर रेहटी पुलिस ने यादव लोगो को रेहटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया व गम्भीर घायलों को भोपाल रेफर किया गया. अनुसूचित जनजाति समाज के घायल लोगो को भैरूंदा के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

